Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 242 | बुधवार , 03 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## योगी सरकार ने जारी किए निर्देश

# यूपी में नायब तहसीलदारों को दिया जाएगा तहसीलदार का प्रभार

**लखनऊ।**

प्रदेश में लंबित चल रहे राजस्व वादों के निस्तारण के लिए नायब तहसीलदारों को तहसीलदार का प्रभार सौंपा जाएगा। इस संदर्भ में राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव एसपीएस रंगाराव ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि तहसीलदारों के रिक्त पदों का प्रभार फिलहाल नायब तहसीलदारों को सौंप कर राजस्व वादों का निस्तारण जल्द से जल्द कराया जाए।

वर्तमान में राज्य में तहसीलदारों के 766 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 328 तहसीलदार ही तैनात हैं। 16 तहसीलदार प्रतिनियुक्ति पर दूसरे विभागों में तैनात किए गए हैं। नायब तहसीलदारों को प्रभारी तहसीलदार बनाने से राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी आएगी। राजस्व परिषद विभिन्न

**वर्तमान में राज्य में तहसीलदारों के 766 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 328 तहसीलदार ही तैनात हैं। 16 तहसीलदार प्रतिनियुक्ति पर दूसरे विभागों में तैनात किए गए हैं**

रिक्त पदों को भरने के लिए शासन को करीब छह माह पहले ही प्रस्ताव भेज चुका है। कुछ पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने की संस्तुति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों हुई राजस्व विभाग की बैठक में राजस्व वादों के निस्तारण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद परिषद ने यह व्यवस्था बनाई है।



## आज बिगड़ सकते हैं हालात

# सुबह 7 बजे तक यमुना का जलस्तर 206.90 मीटर पहुंचने की आशंका

**नई दिल्ली।**

दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को सतर्क रहने और नदी किनारे न जाने की अपील की है। मंगलवार सुबह से हर घंटे हथिनीकुंड बैराज से 1.5 से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जो बुधवार तक दिल्ली पहुंचने पर हालात और बिगाड़ सकते हैं। हालांकि, सीएम रेखा गुप्ता ने आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह तैयार है। यमुना का जलस्तर देर रात 11 बजे 206.45 मीटर के पार पहुंच गया। केंद्रीय जल आयेग के मुताबिक देर रात हथिनीकुंड बैराज से 1.87 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बुधवार सुबह सात बजे तक इसके दिल्ली पहुंचने के बाद जलस्तर के 206.90 मीटर पहुंचने की आशंका है। यमुना बाजार, बुराड़ी समेत कई इलाकों में भरा पानी...बुराड़ी, यमुना बाजार, एमनेस्टी मार्केट, तिब्बती बाजार, बासुदेव घाट जैसे इलाके पानी में डूब गए हैं। आईटीओ का छठ घाट भी पानी में डूब गया है। यमुना बाजार में सड़कों पर पानी भरा है। यमुना खादर, यमुना वाटिका, आसिता जैसे रिवर फ्रंट से जुड़े पार्कों में भी पानी भर गया है। खतरे की आशंका देखते हुए नदी किनारे जाने पर रोक लगा दी गई है और बड़े पैमाने पर झुग्गियां खाली करा दी गईं हैं। अधिकारियों ने बताया कि 4,500 लोगों को शिविरों में रखा गया है। हर घंटे के साथ नदी का बढ़ता जलस्तर स्थानीय निवासियों को डरा रहा है। लोहे का पुल वाहनों के लिए बंद करने के संबंध में ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी है। पुलिस के अनुसार आईएसबीटी कश्मीरी गेट, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन या लाल किला की ओर से आने वाले वाहन हनुमान सेतु के नीचे से बाहरी रिंग रोड लूप होते हुए राजा राम कोहली मार्ग और गीता कॉलोनी रोड की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। राजघाट-शांति वन से आने वाले वाहन बेला रोड टी-पाइंट से रिंग रोड, शांति वन चौक, राजा राम कोहली मार्ग होकर गीता कॉलोनी रोड पर भेजे जाएंगे।



### लोहा पुल : ट्रैफिक डायवर्ट

उफनाई यमुना के चलते दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि पुराना लोहे का पुल 2 सितंबर को शाम 4 बजे से अगले आदेश तक यातायात और आम जनता की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। ट्रैफिक को हनुमान सेतु, राजा राम कोहली मार्ग और गीता कॉलोनी रोड से डायवर्ट किया जाएगा।

### तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की बेटी के कविता पार्टी से निलंबित



**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के कविता को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से निलंबित कर दिया गया है। बीआरएस ने कहा कि हाल के दिनों में कविता के व्यवहार और उनकी गतिविधियां पार्टी के हितों के खिलाफ रही हैं। उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और संगठन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पार्टी महासचिव टी रविंदर राव और सोमा भारत कुमार ने मीडिया को बताया कि बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। के कविता बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करेंगी।

### पाकिस्तान के क्वेटा में एक रैली में बम विस्फोट, 11 लोगों की मौत



**क्वेटा।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में एक बड़े बम विस्फोट की खबर सामने आई है और इस विस्फोट में 10 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है। पुलिस अधिकारी हमजा शफात ने बताया कि मंगलवार को पाकिस्तान के क्वेटा शहर में एक राष्ट्रवादी नेता की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित एक रैली के पार्किंग क्षेत्र में हुए बम विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई। शफात ने बताया कि पूर्व प्रांतीय मुख्यमंत्री सरदार अताउल्लाह मेंगल के बेटे सरदार अख्तर मेंगल, जो रैली में मौजूद थे, सुरक्षित हैं।

# दिल्ली से राजस्थान तक तेज बारिश, नोएडा चंडीगढ़ में स्कूल बंद, सड़कों में भरा पानी

**नई दिल्ली।**

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में तेज बारिश के कारण नदियां उफान पर है। बाढ़ के कारण कई इलाके जलमग्न होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, इन राज्यों के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे की अवधि में बहुत तेज बारिश होने की संभावना है। दिल्ली में भारी बारिश के कारण, यमुना नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है। शहर में जलभराव की वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और बाढ़ के जोखिम से निपटने और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय लागू किए जा रहे हैं। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए, केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी में 2 सितंबर 2025 को शाम 5:00 बजे से यमुना नदी पर बने पुल पर यातायात और सार्वजनिक आवाजाही बंद करने का निर्देश दिया है। वहीं, नोएडा में बुधवार तक स्कूलों को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि बाढ़ प्रभावित पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में फिर से बारिश हुई है, जहां उफनती नदियों ने बड़े भूभाग को जलमग्न कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में तेज बारिश हुई और बुधवार को भी राज्य में तेज बारिश की संभावना है।



### जम्मू में आज बंद रहेंगे सभी स्कूल, बाढ़ की चेतावनी के बीच प्रशासन का फैसला

**जम्मू।** खराब मौसम और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, जम्मू संभाग के सभी सरकारी और निजी स्कूल 3 सितंबर को बंद रहेंगे। यह घोषणा स्कूल शिक्षा निदेशालय जम्मू ने मंगलवार को की। स्कूल शिक्षा निदेशक नसीम जावेद चौधरी द्वारा जारी आदेश में ₹भारी वर्षा, भूस्खलन, अचानक बाढ़, बादल फटने आदि₹ की चेतावनी से जुड़ी मौसम से संबंधित एडवाइजरी का हवाला दिया गया है, जिससे निचले इलाकों में गंभीर जलभराव, बाढ़, सड़कों और स्कूल भवनों को नुकसान पहुंच सकता है और स्थिति और बिगड़ सकती है। आदेश में कहा गया है कि छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह आदेश दिया जाता है।

## सीएम रेखा गुप्ता पर हमले के बाद पहली जनसुनवाई आज



**नई दिल्ली।**

सीएम आवास की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए खुद जिला पुलिस उपायुक्त के अलावा कई एसीपी, इंस्पेक्टर व बाकी स्टाफ भी वहां तैनात रहेगा। सुबह करीब साढ़े आठ बजे से शुरू होने वाली जनसुनवाई जब तक भी चलेगी तब तक पुलिस बल वहां तैनात रहेगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 20 अगस्त को जनसुनवाई के दौरान हुए हमले के बाद वह एक बार फिर बुधवार को जनसुनवाई आयोजित कर रही हैं। इसको लेकर दिल्ली पुलिस के अलावा तमाम सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से अलर्ट हैं। सीएम की सुरक्षा में इस बार कोई चूक न हो इसके लिए दिल्ली पुलिस ने फुलप्रूफ प्लान भी तैयार कर लिया है। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि किसी भी संदिग्ध की पहचान के लिए सीएम के घर के बाहर फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) से लैस गाड़ी वहां तैनात रहेगी। इस गाड़ी में इस्राइली सिस्टम लगा हुआ है। इसकी मदद से किसी भी संदिग्ध की पहचान कर उसको पहले से ही रोका जा सकेगा। सीएम आवास की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए खुद जिला पुलिस उपायुक्त के अलावा कई एसीपी, इंस्पेक्टर व बाकी स्टाफ भी वहां तैनात रहेगा। सुबह करीब साढ़े आठ बजे से शुरू होने वाली जनसुनवाई जब तक भी चलेगी तब तक पुलिस बल वहां तैनात रहेगा। लोकल पुलिस के अलावा सुरक्षा एजेंसियों के लोग भी वहां तैनात रहेंगे।

**तैनात रहेगी भारी फोर्स**

### आज भारत आएंगे भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे

**नई दिल्ली।**

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे तीन से छह सितंबर तक की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री तोबगे अपनी पत्नी ओम ताशी डोमा के साथ अयोध्या और गया जाएंगे। इसके बाद दिल्ली आकर विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे बुधवार को तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे। छह सितंबर तक की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री तोबगे अपनी पत्नी ओम ताशी डोमा के साथ अयोध्या और गया जाएंगे। इसके बाद दिल्ली आकर विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे।



### चिप निर्माण में भारत की बड़ी सफलता, जल्द शुरू होगा इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन का दूसरा चरण

**नई दिल्ली।**

इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि चिप निर्माण के इको सिस्टम को और मजबूत बनाने के लिए सरकार इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के दूसरे चरण के लिए काम कर रही है। आईएसएम के दूसरे चरण के तहत चिप से जुड़े पूरे इको सिस्टम को कवर किया जाएगा और इंसेंटिव भी दिए जाएंगे। पहले चरण के तहत सरकार ने सेमीकंडक्टर से जुड़े प्लांट को 76,000 करोड़ के इंसेंटिव देने का प्रविधान किया था। इनमें से 65,000 करोड़ चिप के निर्माण तो 10,000 करोड़ मोहाली स्थित सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित किया गया। उन्होंने कहा कि मात्र साढ़े तीन साल में चिप निर्माण में भारत ने इतनी बड़ी सफलता हासिल की है।



# भारत में हो रहा 400 से ज्यादा हिमनद झीलों में का विस्तार, केंद्रीय जल आयोग ने जताई चिंता



**नई दिल्ली।**

जलवायु परिवर्तन भारत के लिए नहीं दुनिया के लिए बड़ी चिंता विषय है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया है कि भारत में 400 से अधिक हिमनद झीलें अपने विस्तार के चिंताजनक रुझान दिखा रही हैं और आपदा के मद्देनजर इनकी गहन निगरानी की आवश्यकता है। हाल ही में सार्वजनिक की गई जून 2025 के लिए हिमनद झीलों और जल निकायों की मासिक निगरानी रिपोर्ट में, सीडब्ल्यूसी ने कहा कि लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में फैली 432 हिमनद झीलों को अचानक और विनाशकारी बाढ़ लाने की क्षमता के कारण गहन निगरानी के लिए चिह्नित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लेशियल लेक एटलस-2023 के अनुसार, भारत में स्थित 432 हिमनद झीलें (681 में से) जून 2025 के महीने के दौरान जल विस्तार क्षेत्र में वृद्धि प्रदर्शित करती हैं, और इसलिए आपदा उद्देश्यों के लिए गहन निगरानी की आवश्यकता है। ये निष्कर्ष देश भर में व्यापक बाढ़ की पृष्ठभूमि में सामने आए हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी वर्षा के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि पहले से ही बाढ़ की मार झेल रहे पंजाब में सोमवार को फिर मूसलाधार बारिश हुई जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और सभी स्कूल-कॉलेज बंद करने पड़े।

## संपादक की कलम से

# हिमाचल में राष्ट्रीय आपदा

बादलों ने इस बार ऊपर से जख्म भेजे हैं, खुद को पौंछते जमीन रोने लगी है। पूरे हिमाचल का क्रंदन अब हर किसी के आंसुओं में भरा, तो तफ्तीश हमारे वजूद की होने लगी। मणिमहेश में इस बार अकेले डल ने राधाष्टमी में नौण किया होगा, तो तड़ीपार हम हुए या हमारी आस्था कहीं घायल हो गई। घायल तो भरमौर से चंबा का पूरा रास्ता भी हुआ, लेकिन किसने सुना। एक अकेले पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने सुना तो अपील मजबूत हुई कि इस बार राष्ट्रीय आपदा की तरह हिमाचल को देखा जाए। विधानसभा सदन के भीतर राष्ट्रीय आपदा घोषित होने का सफर हिमाचल के जर्रे-जर्रे में गूंजा। वो हमीरपुर के धंसते चबूतरा गांव में सुना जा रहा है कि पूरे हिमाचल में राष्ट्रीय आपदा आ गई है। वहां धंसते दर्जन भर घरों में देखा जाए, तो हर नींव पर राष्ट्रीय आपदा का विध्वंस खड़ा है। मौसम विभाग के अनुमानों की अर्थियां निकल गईं और निकल गए विकास के घोड़े। नितिन गडकरी के भूतल परिवहन मंत्रालय से ही केंद्र सरकार पूछ ले तो हर फोरलेन पर राष्ट्रीय आपदा का भोकाल खड़ा है। हिमालय की नदियों से पूछा जाए कि वे अपनी सोहबत, अपनी रफ्तार और अपनी मंजिल क्यों भूल गई। देश को भाखड़ा, पंडोह व पौंग बांध की क्षमता से बाहर भागते पानी को देखकर अंदाजा हो जाना चाहिए कि वहां आपदा किस कद्र अनियंत्रित व विकराल है। वहां सूचनाएं व साहस एक साथ मर रहे हैं, वह प्रकृति का रोष और प्रकृति का आक्रोश है। आश्चर्य यह कि धार्मिक यात्राएं रुक गईं, लोग श्रद्धा के दामन में आकर विचलित हुए। सूने रह गए इस बार चंबा के लंगर, आधे रास्ते से लौट गई संगत। मणिमहेश यात्रा विकराल यादों के सन्नाटे में सो गई, तो कई प्रश्न उठेंगे, कई पूछे जाएंगे। क्या हम वाकई तैयार हैं या भीड़ में पर्यटन को नहीं समझ रहे। हिमाचल की चोटियां चढ़ जाना पर्यटन नहीं और न ही धार्मिक आस्था का बाजार खोल देना हमारी मंजिल होनी चाहिए। चंबा में प्रकृति के ताबूत क्यों बने। क्यों सदियों की यात्रा परंपरा बाधित हुई या गायब मुहानों से घर लौटना मुश्किल हुआ। आपात स्थिति में हिमाचल को राहत से जोडा इतना आसान नहीं कि सब कुछ शिमला के सहारे संभव हो जाए। इस बार सोशल मीडिया के अलग-अलग पक्ष देखे गए। कहीं सदमे, तो कहीं कुछ सकारात्मक रिपोर्टिंग के पल भी देखे गए। आपदा में मणिमहेश यात्रा ने बता दिया कि अब रूटीन में अपने आप नहीं होंगे आयोजन। ऐसी यात्राओं की मंत्रणा विभागीय या प्रशासनिक स्तर से कहीं ऊपर स्वयं मुख्यमंत्री का दखल चाहती है। हम स्थायी व्यवस्था की मांग में एक अलग से मेला विकास प्राधिकरण की मांग करते रहे हैं। भटके और अटके यात्रियों की गवाह बनी हमारी गलियां बता रही हैं कि हमारा प्रबंधन अभी गंभीर नहीं। यह एक ऐसा धार्मिक ट्रैकिंग अभियान है जो हर कदम पर सुरक्षा और एहतियात के साथ ही आगे बढे की अनुमति देने की मांग करता है। पिछले वर्षों से यात्रा रोमांच में बदलती रही है और यात्री वैयक्तिक उन्माद से इसे भी मनोरंजन स्थल मानने लगे थे। मणिमहेश को चार दिन की चांदनी समझने वालों ने धर्म के नाम पर जिस सामान को सुविधा के लिए वहां पहुंचाया, वही कचरा और आपत्तिजनक सामग्री अब शिकायत कर रही है। अंतत: पर्यटन का यह स्वरूप पहाड़ों को मंजूर नहीं। पर्यटन विकास से ज्यादा अब पर्यटक सुरक्षा पर हिमाचल को इंतजाम कर लेने चाहिए। हम पर्यटकों की तादाद या भीड़ में पर्यटन की खुशहाली खोजने के बजाय इसे सीमित व सुरक्षित पद्धति में बेशकीमती बनाएं। इस बीच शांता कुमार ने प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय आपदा के परिदृश्य में हिमाचल को बीस हजार करोड़ की मदद करने का आग्रह करके, पहाड़ के दर्द को सियासत से ऊपर दर्ज किया है। उम्मीद है इस अभियान में सभी सांसद भी कूदेंगे।



ललित शर्मा
संपादक

# भारत की सेमीकंडक्टर क्रांति- विक्रम चिप और वैश्विक डिजिटल शक्ति का नया अध्याय- सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी छलांग




गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत ने 2 सितंबर 2025 को सेमीकंडक्टर इंडिया कॉन्फ्रेंस का ऐतिहासिक उद्घाटन करके न केवल एक तकनीकी युग का शुभारंभ किया बल्कि वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और तकनीक की दिशा में भी एक निर्णायक मोड़ ला दिया। इस कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर से 100 से अधिक विशेषज्ञों और विभिन्न देशों ने भाग लिया। यह आयोजन भारत की उस महत्वाकांक्षा का प्रतीक था जिसमें वह स्वयं को केवल डिजिटल उपभोक्ता के रूप में नहीं बल्कि डिजिटल उत्पादक और तकनीकी नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करना चाहता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि, जिस प्रकार 20वीं सदी ने तेल की क्रांति से दुनियाँ का आर्थिक और राजनीतिक मानचित्र बदला था, ठीक उसी प्रकार 21वीं सदी में सेमीकंडक्टर चिप दुनियाँ का समीकरण बदल रही है और भारत इस बदलाव का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है ।तेल को 20वीं सदी का काला सोना कहा गया था। जिन देशों के पास तेल था उन्होंने न केवल आर्थिक समृद्धि पाई बल्कि विश्वराजनीति में भी प्रमुख भूमिका निभाई। अमेरिका और खाड़ी देशों का वर्चस्व इसी ऊर्जा राजनीति पर आधारित रहा। अब वही स्थिति सेमीकंडक्टर की है ।तेल ने पिछली शताब्दी में औद्योगिक क्रांति और ऊर्जा आधारित भू-राजनीति को दिशा दी थी। चिप वह अदृश्य हीरा है जो हर मशीन, हर उपकरण और हर डिजिटल प्लेटफॉर्म का दिमाग बन चुका है। चाहे वह मोबाइल फोन हो, लैपटॉप,टीवी,इलेक्ट्रिक गाड़ियां, कैलकुलेटर, घड़ी, रक्षा उपकरण या फिर अंतरिक्ष उपग्रह, किसी भी तकनीकी उत्पाद का संचालन बिना चिप के असंभव है। यही कारण है कि आज दुनियाँ का हर बड़ा देश इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और वर्चस्व के लिए संघर्ष कर रहा है। साथियों बात अगर हम भारत में 2 सितंबर 2025 का दिन ₹चिप क्रांति का ऐतिहासिक दिन₹की करें तो सेमीकंडक्टर कॉन्फ्रेंस का आयोजन केवल एक उद्घाटन समारोह नहीं था बल्कि यह भारत के भविष्य का खाका था। पीएम ने जिस ₹डिजिटल डायमंड₹ की बात की, वह केवल एक प्रतीक नहीं बल्कि वास्तविकता की ओर बढ़ता हुआ कदम है। भारत ने यह दिखा दिया है कि वह केवल डेटा उपभोक्ता राष्ट्र नहीं बल्कि तकनीकीशिल्पकार बन सकता है ।इस पूरे परिप्रेक्ष्य में कहा जा सकता है कि 2 सितंबर 2025 का दिन भारतीय इतिहास में ₹चिप युग का आगाज₹ कहलाएगा ।जैसे आजादी का दिन 15 अगस्त 1947 ने राजनीतिक स्वतंत्रता दी थी, वैसे ही 2 सितंबर 2025 ने तकनीकी स्वतंत्रता की दिशा में पहला कदम दिया है। विक्रम चिप भारत के आत्मनिर्भर भविष्य का प्रतीक है और यह भारत को 21वीं सदी में डिजिटल सुपरपावर बनने की दिशा में अग्रसर करेगा ।यह वही क्षण है, जब भारत ने अपनी नई पहचान गढ़ते हुए यह घोषणा की कि आने वाले वर्षों में वह केवल चिप आयातक नहीं रहेगा बल्कि निर्यातक भी बनेगा। भारतीय पीएम ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि भारत अब डिजिटल उपभोक्ता नहीं बल्कि निमार्ता बनने की राह पर है। उन्होंने भारत को ₹डिजिटल डायमंड₹ के रूप में परिभाषित करते हुए यह स्पष्ट किया कि देश में स्वदेशी क्रांति की नई नींव रखी जा चुकी है।

साथियों बात अगर कर हम सेमीकंडक्टर के वैश्विक महत्व की करें तो, सेमीकंडक्टर का महत्व केवल अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक शक्ति से भी जुड़ा है। आजकल के युद्ध केवल पारंपरिक हथियारों से नहीं लड़े जाते बल्कि साइबर युद्ध, ड्रोन, मिसाइल गाइडेंस सिस्टम और एआई आधारित तकनीकों से लड़े जाते हैं। इन सभी का संचालन चिप्स के बिना संभव नहीं। यदि किसी देश के पास अपनी चिप निर्माण क्षमता है तो वह न केवल आत्मनिर्भर रहेगा बल्कि अपने विरोधियों पर तकनीकी बढ़त भी बनाएगा। भारत के लिए यह रक्षा और अंतरिक्ष दोनों ही क्षेत्रों में निर्णायक साबित होगा। वैश्विक स्तर पर भारत की सेमीकंडक्टर पहल अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा के बीच संतुलनकारी भूमिका निभा सकती है। अमेरिका ताइवान और कोरिया पर निर्भर है लेकिन उसे भारत जैसे स्थिर और विश्वसनीय भागीदार की आवश्यकता है। चीन अपनी तकनीकी शक्ति बढ़ा रहा है, लेकिन उस पर भरोसा करने में पश्चिमी देश हिचकिचाते हैं। भारत यदि अपनी चिप इंडस्ट्री को तेजी से विकसित करता है तो वह न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भी एक निर्णायक हिस्सा होगा। साथियों बात अगर हम सेमीकंडक्टर की परिभाषा समझनें की करें तो, यह बेहद महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर एक ऐसा पदार्थ होता है जिसकी चालकता( कंडक्टिविटी) धातु और अचालक( इन्सुलेटर) के बीच होतीहै, सिलिकॉन इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है ।जब इसमें डोपिंग की जाती है तो यह नियंत्रित तरीके से विद्युत प्रवाह को संचालित करता है और इसी से ट्रांजिस्टर, माइक्रोप्रोसेसर और मेमोरी चिप बनाए जाते हैं। सरल भाषा में कहा जाए तो सेमीकंडक्टर चिप किसी भी मशीन का दिमाग होता है। यह मशीन को सोचने, निर्णय लेने और सही समय पर सही कार्य करने की क्षमता देता है। यही कारण है कि इसे आधुनिक सभ्यता का आधारस्तंभ कहा जा सकता है ।कोई भी देश जो सेमीकंडक्टर निर्माण और डिजाइन में अग्रणी है, वह केवल तकनीकी शक्ति ही नहीं बल्कि वैश्विक राजनीति में भी नियंत्रण स्थापित करता है। यही वजह है कि अमेरिका, चीन, ताइवान, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश इस क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अमेरिका अपनी तकनीकी श्रेष्ठता बनाए रखने के लिए ताइवान जिसकी जनसंख्या भारत के दिल्ली से भी काम है लेकिन वह विश्व में चिप का टॉप निमार्ता है उसकी टीएसएमसी और दक्षिण कोरिया की सैमसंग जैसी कंपनियों पर निर्भर है। चीन अपने ₹मेड इन चाइना 2025₹ मिशन के तहत इस क्षेत्र में भारी निवेश कर रहा है। ऐसे में भारत का इस क्षेत्र में कदम रखना केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि भू-राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

साथियों बातें अगर हम सेमीकंडक्टर बनाने की जटिल प्रक्रिया की करें तो, सेमीकंडक्टर निर्माण बेहद जटिल प्रक्रिया है। एक चिप बनाने के लिए सैकड़ों चरणों से गुजरना पड़ता है ।इसके लिए ₹फैब यूनिट₹ की आवश्यकता होती है जिसे बनाना और चलाना अत्यंत महंगा और कठिन है। एक फैब यूनिट में 25, से 51हजार करोड़ रुपए तक का निवेश लगता है। इसके अलावा वहां स्वच्छता का स्तर इतना ऊंचा होता है कि उसकी तुलना अस्पताल के आईसीयू से भी नहीं की जा सकती। वास्तव में फैब यूनिट की स्वच्छता आईसीयू से हजार गुना अधिक होती है क्योंकि एक छोटे से धूलकण से भी पूरी चिप नष्ट हो सकती है। इसीलिए इसे दुनियाँ की सबसे जटिल उत्पादन प्रक्रिया कहा जाता है ।भारत ने इस चुनौती को स्वीकार कर दुनियाँ को यह संदेश दिया है कि वह अब केवल उपभोक्ता नहीं रहेगा। यह कदम भारतीय युवाओं और इंजीनियरों के लिए भी अवसरों का नया द्वार खोलता है। भारत में बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग स्नातक और आईटी पेशेवर मौजूद हैं ।अब उन्हें सेमीकंडक्टर डिजाइनफैब्रिकेशन और टेस्टिंग जैसे क्षेत्रों में रोजगार मिलेगा। यह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है। साथियों बात अगर हम भारत की₹विक्रम चिप₹ नाम रखने की करें तो, इसका नाम विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। विक्रम साराभाई को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक कहा जाता है। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद भारत को अंतरिक्ष शक्ति के रूप में खड़ा किया। आज इस नाम का उपयोग कर भारत ने यह संदेश दिया है कि जिस प्रकार अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने आत्मनिर्भरता पाई थी, उसी प्रकार सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी वह आत्मनिर्भर होगा। विक्रम चिप केवल तकनीक नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय विरासत और आत्मनिर्भरता की पहचान है।



*साथियों बात अगर हम भारत की इस क्रांति का असर ₹ग्लोबल साउथ₹ के देशों पर भी पड़ेगा। विकासशील देश अबतक तकनीक के मामले में पश्चिम और पूर्वी एशिया पर निर्भर थे। लेकिन भारत यदि एक मजबूत चिप सप्लायर बनता है तो वह इन देशों को भी विकल्प दे सकेगा। इससे तकनीकी साम्राज्यवाद की पकड़ ढीली होगी और विकासशील देशों को अधिक अवसर मिलेंगे ।अर्थव्यवस्था की दृष्टि से देखें तो भारत की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री आने वाले वर्षों में लाखों रोजगार उत्पन्न करेगी। निर्यात से अरबों डॉलर की आय होगी। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता से आयात पर निर्भरता घटेगी और चालू खाता घाटा कम होगा। भारत का जीडीपी इस क्षेत्र से नई गति प्राप्त करेगा। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत की सेमीकंडक्टर क्रांति- विक्रम चिप और वैश्विकडिजिटल शक्तिका नया अध्याय, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी छलांग चिप के बिना कोई भी इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल उपकरण कार्य नहीं कर सकता ।सेमीकंडक्टर को आधुनिक युग का ₹डिजिटल ऑक्सीजन₹ कहा जा रहा है।*

## उदय किशोर साह



## कलि की विधान

### कविता


कलियुग ने कैसी आज लिख दी विधान
जानवर से बद्तर हो गया जग में इन्सान
अवारा कुत्ते को बचाने को अदालत जाते
इन्सान की अहमियत वो समझ नहीं पाते

कलियुग ने कैसी आज लिख दी विधान
जन्मदाता हो गये आज हमारे अनजान
धर्मपत्नी के बात में बात। वो मिलाते
माता पिता को वृद्धाश्रम भेज मौज मनाते

कलियुग ने कैसी लिख दी आज विधान
नारी जाति की हो रही सरे आम अपमान
राह चलते मजनूँ छेड़खानी जहाँ करते
विरोध करने पर साथी से यहाँ पिटवाते

कलियुग ने कैसी आज लिख दी विधान
मयार्दा की रश्म भूल गया अब शैतान
बड़े बुर्जुग को यहाँ पे आँख दिखलाते
समझाने पे जलालत पे उतर जाते

कलियुग ने कैसी आज लिख दी विधान
ओछे जन को मिल रहा है आज सम्मान
जो बात बात में हनक वो गुरूर दिखाते
घमंड का पारा अम्बर पे नित्य चमकाते



# खूबसूरत तैमारा घाटी का खौफनाक रहस्य, यहां आते ही बदल जाता है मोबाइल का वक्त

झारखंड की खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में 'मौत का हाइवे' के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं। झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरानू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है। इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में 'मौत का हाइवे' के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**तैमारा घाटी:** तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को 'मौत का हाइवे' के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

**तैमारा घाटी की घटनाएं:** तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है ।तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

**तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां:** इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है। ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

**तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक:** बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## डीएम और एसपी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मंडी सचिव, पूर्ति निरीक्षक मिलक, बीडीओ मिलक के साथ ही विद्युत विभाग के आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के समय से निस्तारित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता से लें और समयबद्धता के साथ उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए और अधिकारी सभी शिकायतकताओं से संपर्क स्थापित करते हुए उनका फीडबैक अवश्य लें और इसका रिकॉर्ड भी व्यवस्थित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मा. मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारीगण निर्धारित समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर जन समस्याएं सुनें और शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और न ही गलत निस्तारण करायें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल सहित अन्य विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आना चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों से रैंकिंग मॉड्यूल में हुए बदलाव को भली-भांति समझने और शिकायत निस्तारण की कार्यवाही को त्वरित गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंभीर प्रकरणों में निस्तारण के लिए मौके पर पहुंचना जरूरी है। अधिकारी मौके पर जाकर शिकायत का समाधान करायें और शिकायतकर्ता को भी इस संबंध में अवश्य सूचित करें।





# लगातार बारिश से गरीब का आशियाना जमींदोज

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर के स्योहारा।** क्षेत्र में जारी लगातार बारिश अब लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनती जा रही है। कहीं जलभराव की स्थिति है तो कहीं गरीबों के कच्चे मकान धराशायी हो रहे हैं। इसी कड़ी में बीती रात ग्राम मुकरपुरी निवासी सतपाल पुत्र चेतराम सिंह प्रजापति का कच्चा मकान तेज बारिश में ढह गया।

गनीमत रही कि घटना के समय मकान में सो रहे परिजनों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। लेकिन मकान टूटने से सतपाल, उसकी पत्नी और तीन मासूम बच्चे खुले



आसमान तले आ गए।सुबह सूचना मिलते ही लेखपाल इरशाद अहमद व ग्राम प्रधान सलीम मौके पर पहुँचे और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

## बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दिए जाने हेतु जागरूक किया गया




**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक,रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत पेट्रोल पंपों पर जाकर नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के संबंध में पेट्रोल पंप मालिकों/कर्मियों एवं आमजनमानस को जागरूक किया गया ।बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दिए जाने हेतु जागरूक किया गया । सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास आमजनमानस से नियमों के पालन की अपील ।सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट पहनें और नियमों का पालन करें आपका जीवन आपके परिवार के लिए अनमोल है ।

# ख्यातिनाम साहित्यकार डॉ.पुष्पा जोशी को मिला डॉ. शरद पगारे स्मृति सम्मान

**डॉ.शंभू पंवार**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ख्यातिनाम साहित्यकार, संस्कृत और हिंदी भाषा की प्रखर विदुषी एवं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय महासचिव डॉ.पुष्पा जोशी को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए मलेशिया, इंडोनेशिया और बाली की धरती पर आयोजित 25वाँ अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन (रजत पर्व) में शोध ऋतु सम्मान, सृजन सम्मान तथा प्रतिष्ठित डॉ. शरद पगारे स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया।

डॉ.पुष्पा जोशी को यह सम्मान सम्मेलन में मुख्य अतिथि पद्मश्री अगुस इंद्र उदयन (बाली) और विधायक डॉ. सोमवीर ने प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर टू मीडिया पत्रिका का लोकार्पण भी हुआ तथा देशभर से आए चार विशिष्ट



साहित्यकारों को टू मीडिया गौरव सम्मानझ2025 प्रदान किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में हिन्दी और भारतीय संस्कृति की वैश्विक पहचान को सशक्त बनाने में इस सम्मेलन की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय की टू मीडिया की सह संपादक डॉ. पुष्पा जोशी शिक्षाविद् और समाज संस्कृति की सशक्त प्रतिनिधि है।आपने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर अपितु अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारतीय भाषा और संस्कृति का गौरव बढ़ाया है।आप उत्तरप्रदेश, गोवा के राज्यपाल एवं असम के स्पीकर से सम्मानित है तथा संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी है। डॉ.जोशी को यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलने पर दिल्ली की प्रमुख साहित्यिक संस्था गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार, लेखिका डॉक्टर गीतांजलि नीरज अरोरा, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर ,अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार डॉ. शंभू पवार, आकाशवाणी दिल्ली के सहायक निदेशक रामावतार बैरवा, हिंदी अकादमी दिल्ली के पूर्व उप सचिव, हिंदी सेवी ऋषि कुमार शर्मा ,वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.सविता चड्ढा सहित अनेक साहित्यिक संस्थाओं एवं वरिष्ठ साहित्यकारों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## हलाल जिहाद से निर्मित होती सोसाइटियां : दिव्य अग्रवाल



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जब धन अर्जित करने की बात आती है तो हिन्दू धार्मिक स्थलों के पास , मार्गों में एवं अन्य स्थानों पर मुस्लिम समाज हिन्दुओ के नाम पर व्यापार करता है जब इन नामो को हटाने की बात की जाती है तो सेक्युलर हिन्दुओ को समस्या होती है लेकिन जब महाराष्ट्र में हलाल और इस्लाम के नाम पर बड़ी बड़ी सोसाइटियां निर्मित हो रही हैं तो सब मौन हैं। उन सोसाइटियों का विज्ञापन ही इस्लाम और हलाल के नाम पर हो रहा है स्पष्ट रूप से कहा जा रहा है की अपनी मजहबी मान्यताओं के अनुषार जहां सब एक मजहब या मान्यताओं को मानते हो उन्हें यहाँ रहना चाहिए क्योंकि यहां कुबार्नी देने की जगह है, मस्जिद है , हलाल नियमो का पालन है अब कहाँ गई गंगा जमुना तहजीब । सत्य है भारत में इस्लामिक कटटरवादिता नित वृद्धि कर रही है और पूरा भारत खुली आँखों से सब कुछ देखकर भी निंद्रा में होने का नाटक कर रहा है।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने फ्यूल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिए नो हेलमेट नो फ्यूल


**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के अनुपालन में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल का एक विशेष अभियान आगामी 30 सितम्बर, 2025 तक संचालित किया गया है। पूर्व में भी इस प्रकार का अभियान जनपद बिजनौर में सफलतापूर्वक क्रियान्वित हुआ है। जिससे हेलमेट उपयोग में वृद्धि के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त अभियान, जनसुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 द्वारा दो पहिया चालक एवं पिलियन के लिए हेलमेट अनिवार्य है तथा धारा 194-डी इसके उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान करती है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति द्वारा भी हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने के लिए राज्यों को निर्देशित किया गया है। अतः नो हेलमेट नो फ्यूल विधिसम्मत जन हितकारी तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु/गम्भीर चोटों को घटाने के उददेश्य से पूर्णतः औचित्यपूर्ण है। उन्होंने जनपद बिजनौर के सभी फ्यूल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिए कि वह किसी भी ऐसे दो पहिया चालकों को पैट्रोल का विक्रय नहीं करेंगें, जिसके चालक एवं पिलियन ने हेलमेट नहीं पहना है। सभी फयूल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सी०सी०टी०वी० कैमरा सदैव सक्रिय रहें ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी०सी०टी०वी० फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

## चक्रव्रतेश्वर मंदिर में अखंड रामचरितमानस पाठ शुरू



**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** प्रसिद्ध चक्रव्रतेश्वर मंदिर में संगीतमय अखंड रामचरितमानस पाठ शुरू हो गया है। इस मौके पर भक्तों ने पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया। पंडित कैलाश शास्त्री, उर्बा दत्त जोशी, उमेश जोशी शास्त्री, मनोज पांडे, विनय लोहनी ने पूजा संपन्न कराई। मंदिर की महंत देवकी गिरी माई व मंदिर के पुजारी निरंजन गिरी महाराज ने बताया कि पूज्य संत परमानंद आश्रम महाराज की पुण्य तिथि पर अखंड रामचरितमानस पाठ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को हवन यज्ञ व विशाल भंडारे के साथ रामचरितमानस पाठ का समापन होगा। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। दौरान मुख्य यजमान अनिल पांडे, भजन गायक रमेश जोशी कान्हा, भुवन जोशी, प्रदीप गुरुरानी,पूरन बड़सीला, हेम चंद्र पांडे, रविशंकर बिष्ट, कैलाश पांडे, विनोद पांडे, चंद्र दत्त मिश्रा, जगदीश जोशी, जगदीश खोलिया, अनिल पांडे, शंकर दत्त पांडे, गणेश पांडे आदि मौजूद थे।

## जाट सभा चांदपुर में मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

चांदपुर : जाट सभा चांदपुर की मीटिंग भारती ऑटोमोबाइल चांदपुर पर अनिल सिंह की अध्यक्षता में हुई।जिसका संचालन ओम प्रकाश ने किया।जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे जिससे कि समाज का उत्थान हो सके, और जाट समाज के युवा शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी आगे बढ़ें। इसी को देखते हुए जाट सभा चांदपुर के सम्मानित सदस्य संजीव डबास के पुत्र अंश डबास ग्राम शादीपुर मिलक तहसील चांदपुर के निवासी हैं जिन्होंने भारत के लिए एशियाई चैंपियनशिप कजाकिस्तान में 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में में तीन पदक जीते हैं। जो हम सबके लिए गर्व का विषय है।और चांदपुर वासियो के लिए तो बहुत ही ज्यादा गर्व का विषय है। ऐसा पहला खिलाड़ी है चांदपुर क्षेत्र में जो अंतरराष्ट्रीय लेवल पर मेडल लेकर आया है जाट सभा चांदपुर द्वारा 15 सितम्बर को सी वी रमन इंटर कॉलेज धनोरा रोड पर सम्मानित किया जाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। ताकि समाज के युवा वर्ग का भी मनोबल बढ़े।

बैठक में उपस्थित सदस्यों वीरेंद्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, रामेंद्र सिंह, कपिल तोमर, योगेन्द्र सिंह बबलू, किरण पाल, संजीव कुमार, विपिन कुमार, नीटू चौधरी आदि ने अंश डबास के उज्ज्वल भविष्य की कमाना की ।

# नलकूप बोरिंग मशीन में अचानक लगी आग

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद चीनी मिल के पास कोटद्वार रोड पर बोरिंग मशीन में अचानक भीषण आग वाहन संख्या वड08उइ6892 को आग की लपटों ने घेरा केबिन और टायर धू-धू कर जल उठे।



मौके पर अग्निशमन यूनिट ने फोम से कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू शॉर्ट सर्किट से लगी थी आग, ट्रक को आंशिक नुकसान थाना नजीबाबाद के चीनी मिल के पास का पूरा मामला कोटद्वार से हरिद्वार जा रही नलकूप बोरिंग मशीन में अचानक मंगलवार की सवेरे आग लग गई। मथुरापुर मोर के निकट हाईवे पर मशीन में भीषण आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कोटद्वार से आरटीओ हरिद्वार जा रही नलकूप मशीन में मंगलवार के सवेरे लगभग छह बजे अचानक मथुरापुर मोर क्षेत्र में आग लग गई। मशीन में आग लगते ही चालक सहारनपुर निवासी मो. जमशेद और परिचालक मशीन से कूद गए। कुछ ही देर में मशीन का चालक केबिन भीषण आग की चपेट में आ गया। मथुरापुर मोर के प्रधान खुर्शीद अहमद और क्षेत्रीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दी गई। अग्निशमन अधिकारी केएस जादौन के नेतृत्व में पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने लगभग आधे घंटे कड़ी मेहनत कर नलकूप बोरिंग मशीन की भीषण आग पर काबू किया।

मशीन चालक मो.जमशेद ने अग्निशमन विभाग को बताया कि डीजल टैंक ने शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लगी। कुछ ही देर में पूरे केबिन ने आग पकड़ ली। नजीबाबाद-कोटद्वार हाईवे पर लगी आग के बाद काफी देर तक हाईवे के वाहनों का संचालन वनवे से होता रहा।

# नो हेलमेट नो फ्यूल दो पहिया चालक एवं पिलियन के लिए हेलमेट अनिवार्य

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के अनुपालन में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में का एक विशेष अभियान आगामी 30 सितम्बर, 2025 तक संचालित किया गया है। पूर्व में भी इस प्रकार का अभियान जनपद बिजनौर में सफलतापूर्वक क्रियान्वित हुआ है, जिससे हेलमेट उपयोग में वृद्धि के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त अभियान, जनसुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 द्वारा दो पहिया चालक एवं पिलियन के लिए हेलमेट अनिवार्य है तथा धारा 194-डी इसके उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान करती है। सुप्रीम कोर्ट की



सड़क सुरक्षा समिति द्वारा भी हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने के लिए राज्यों को निर्देशित किया गया है। अतः विधिसम्मत जन हितकारी तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु/गम्भीर चोटों को घटाने के उददेश्य से पूर्णतः औचित्यपूर्ण है। उन्होंने जनपद बिजनौर के सभी फ्यूल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिए कि वह किसी भी ऐसे दो पहिया चालकों को पैट्रोल का विक्रय नहीं करेंगें, जिसके चालक एवं पिलियन ने हेलमेट नहीं पहना है। सभी फयूल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सी०सी०टी०वी० कैमरा सदैव सक्रिय रहें ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी०सी०टी०वी० फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

# बारिश से सोरहा में तबाही... तीन मकान ढहे परिवार के लोग बाल-बाल बचे, मवेशी घायल

वेलकम इंडिया/मोहम्मद खालिद





**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव सोरहा में लगातार हुई बारिश ने तबाही मचा दी। गांव में अलग-अलग स्थानों पर तीन मकान ढह गए। हालांकि गनीमत रही कि परिवारजन समय रहते बच गए, लेकिन मवेशी घायल हो गए और घरों का सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार, रंजीत पुत्र गड़ूमल के पक्के मकान की छत झिमझिमाती बारिश में अचानक भरभराकर गिर गई। उस समय वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर के अंदर सो रहे थे। इस हादसे में सभी लोग बाल-बाल बच गए।

दूसरी घटना में, लाल सिंह मौर्य पुत्र बुद्ध सेन मौर्य का पुश्तैनी कच्चा मकान गिर गया। इस हादसे के समय परिवार मकान के अंदर सो रहा था। मकान के भीतर बंधी उनकी भैंस और बछिया मलबे में दबकर घायल हो गई। गनीमत रही कि परिवार के लोग सुरक्षित बच गए।

तीसरी घटना में सांवरी पत्नी स्व. शौकत अली के कच्चे मकान की खपरैल बारिश के कारण गिर गई। इससे घर में रखा संदूक, चारपाई, खाने-पीने का सामान और अन्य घरेलू सामग्री पूरी तरह से खराब हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान साकिर हुसैन अंसारी, समाजसेवी इस्लाम हुसैन अंसारी और अफजाल अंसारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों के घर का सामान बाहर निकलवाया और प्रशासन को सूचना दी।

सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल प्रेम राजपूत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट मीरगंज प्रशासन को भेज दी। ग्राम प्रधान और समाजसेवियों ने एसडीएम से प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की गुहार लगाई है।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों हेतु बनाए गए 25 शेल्टर होम

**मथुरा।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि जनपद में बाढ़ प्रभावित परिवारों हेतु 25 शेल्टर होम बनाए गए है। दिनांक 2 सितंबर 2025 को जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 913 लोगों को शेल्टर होम में शिफ्ट किया गया है, जिसमें तहसील मथुरा के 800, छाता के 50, मांट के 38 तथा महावन के 25 लोग शामिल है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 375 पशुओं को शिफ्ट किया गया है, जिसमें तहसील मथुरा के 337, छाता के 14 तथा मांट के 24 पशु शामिल है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने अवगत कराया है कि जनपद में लगभग 1100 लोगों को भोजन खिलाया गया है। जनपद में 1050 राशन किटों का वितरण किया गया है, जिसमें तहसील मथुरा में 250, छाता में 250, मांट में 150 तथा महावन में 400 राशन किटों का वितरण किया गया है।

# सिद्धार्थनगर में नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान जारी

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



बिना हेलमेट वाले बाइक चालक बनाते रहे बहाने, लेकिन नहीं मिला पेट्रोल

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में सोमवार से प्रदेशव्यापी 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान की शुरूआत हो गई है। यह विशेष अभियान पूरे एक महीना यानी (1 सितंबर) से 30 सितम्बर तक चलेगा। सिद्धार्थनगर एआरटीओ प्रर्वतन प्रियंवदा सिंह द्वारा जनपद मे 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। यह अभियान सोमवार से शुरूआत हुआ है।

अभियान के तहत सोमवार को बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेंट्रोल पंप संचालकों ने पेट्रोल देने से इंकार कर दिया। सरकार के इस सख्त आदेश का असर मंगलवार को जनपद सिद्धार्थनगर में देखने को मिला। जनपद के पेट्रोल पंपों पर कुछ लोगों को बिना हेलमेट आने पर असुविधा का सामना करना पड़ा। कई लोग बहाने बनाते नजर आए कि हेलमेट घर पर भूल गए या कल से जरूर लगाऊंगा। हालांकि पेट्रोल पंप संचालकों ने साफ कर दिया कि अब बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

एआरटीओ प्रियंवदा सिंह का कहना है कि यह अभियान केवल नियमों के पालन के लिए नहीं, बल्कि नागरिकों की जान की सुरक्षा के लिए है। सड़क हादसों में अक्सर छोटी सी लापरवाही बड़ा नुकसान कर देती है और हेलमेट ऐसे समय में सबसे बड़ा सुरक्षा कवच साबित होता है। पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाओं को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है।

## मकान पर गिरी आकाशीय बिजली, कोई हताहत नहीं

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** स्थानीय कस्बा निवासी एडवोकेट राम कीर्ति गुप्ता नगर के निजी बस अड्डे के पास बने पुलिस चौकी के सामने दो मंजिला मकान बनाकर परिवार के साथ रहते है। सोमवार की शाम छ बजे के करीब गरज चमक व आंधी के बीच हुई बारिश में तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली एडवोकेट राम कीर्ति गुप्ता के मकान के दूसरे मंजिले के छत के लिंटर पर गिरी। बिजली गिरने से लिंटर में छेद हो गया और दिवाल का प्लास्टर उखड़ गया व पास में रखा लोहे का सीढ़ी टेडा हो गया। घटना के वक्त एडवोकेट का परिवार मकान के प्रथम तल में मौजूद थे। बिजली की चमक से न केवल राम कीर्ति बल्कि आसपास के लोग भी सहम गए। सौभाग्य से दूसरी मंजिल पर कोई नहीं था, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## गणपति महोत्सव सप्तम दिवस पर भक्तों ने की बप्पा की पूजा



वेलकम इंडिया

**मथुरा/छाता।** रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर विराजमान गणपति बप्पा की पूजा अर्चना करने के लिए सातवें दिन भी भक्तों के द्वारा गणेश जी का वैदिक मंत्रों के द्वारा अभिषेक किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर सेवायत गौरव अविरल शास्त्री जी ने बताया कि रोजाना ब्राह्मणों के द्वारा गणपति जी का अनुष्ठान विधि विधान से चलता है, और गणपति जी को नए नए मोदक भोग अर्पित किए जाते है, दस दिन तक इसी प्रकार नगर के सभी लोग गणपति बप्पा की पूजा में शामिल होते है, गणपति बप्पा से अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना करते है। जानकारी देते हुए निहारिका शर्मा ने बताया कि शाम को महिला भक्तों के द्वारा गणपति जी को सुंदर भजन सुनाए जाते है सभी महिला भक्त नृत्य में भाव विभोर होकर गणपति बप्पा को रिझाती है, उसके बाद सभी को मिष्ठान्न फल वितरित किए जाते है। इस अवसर पररिंकू वार्ष्णेय, चंद्रेश वार्ष्णेय, लखन गुप्ता, विवेक वार्ष्णेय, लोकेश, ललित सोनी, गोपाल ग्वाला, गगन, आदित्य गुप्ता, टीपू, मुकेश जादौन उपस्थित रहे।

## बागेश्वर महाराज के बयान का किया संतों ने समर्थन



**मथुरा।** बृज भूमि के सभी संतो ने बागेश्वर महाराज के बयान का समर्थन किया है। श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि बृज भूमि में दूध, दही, छाछ का सेवन होना चाहिए मांस, मदिरा का नहीं। यह गोलोक भूमि है, यंहा भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ महारास किया है। महामंडलेश्वर रामदास महाराज जी ने कहा कि बृजभूमि में मांस मदिरा का सेवन नहीं होना चाहिए और उनकी बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए। महामंडलेश्वर राधानंद गिरी जी ने कहा कि जहां पर हमारे कान्हा ने रासलीला की है, वहां पर मांस, मदिरा नहीं बिकनी चाहिए। प्रिया किशोरी जी ने भी धीरेंद्र शास्त्री की बयान का समर्थन किया है।

## आज सभी नर्सरी से 12 तक स्कूलों की रहेगी छुट्टी

**बुलंदशहर।** जनपद में लगातार भारी बारिश के चलते हुए जिलाधिकारी ने लिया बड़ा फैसला। जनपद के नर्सरी से 12वीं तक सभी सरकारी और निजी स्कूल आज 3 सितंबर को रहेंगे बंद। मौसम के मद्देनजर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने लिया निर्णय।

## रजवाहे से वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर मगरमच्छ को नरौरा क्षेत्र में छोड़ा



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** मंगलवार को पहासू क्षेत्र के हीरापुर स्थित रजवाहे से वन विभाग की टीम ने जाल लगाते हुए मगरमच्छ को पकड़ लिया और उसे नरौरा क्षेत्र में छोड़ दिया गया है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी खुर्जा आदित्य सिंह ने बताया कि हीरापुर गांव से कुछ लोगों ने फोन करके सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि गांव के पास रजवाहे में उन्होंने मगरमच्छ को देखा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बच्चे रजवाहे की तरफ जाते रहते हैं। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम दो दिन पहले गांव गई थी और रजवाहे के किनारे घूमते हुए जांच की गई। मंगलवार को फिर से टीम गांव पहुंच गई। टीम द्वारा लगाए गए जाल में मगरमच्छ फंस गया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि मगरमच्छ की लंबाई करीब पांच से छह फुट के आसपास है। जिसको रेस्क्यू करने के बाद नरौरा क्षेत्र में छोड़ दिया गया है।

## जीजीआईसी स्कूल की छात्रा लापता, पिता ने थाने में दी तहरीर

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र की एक छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। कक्षा 12 की छात्रा शनिवार सुबह घर से जीजीआईसी स्कूल जाने के लिए निकली थी, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंची। पिता ने आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी सुबह 7 बजे घर से स्कूल के लिए निकली थी। बारिश होने के कारण वे उसे मिनी बाईपास पर ऑटो में बैठाकर घर लौट आए। जब वे घर पहुंचे तो उन्हे उसका मोबाइल फोन नहीं मिला। शक होने पर बेटी के स्कूल पहुंचे, लेकिन वहां जानकारी मिली कि वह स्कूल भी नहीं पहुंची। उनका कहना है कि बेटी का फोन भी बंद आ रहा है।

## नकबजनी करने वाले पांच शातिर चोर गिरफ्तार



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के सदर थाना के प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद व मोहाना थाना के थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय की पुलिस टीम ने मंगलवार को नकबजनी करने वाले एक संगठित गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्तचर से सूचना मिली थी कि गिरोह नेपाल भागने की तैयारी में है। इस पर भारत माता तिराहे के पास एक निमार्णाधीन मकान में दबिश दी गई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे दिन में गांव और कस्बों के किनारे बने मकानों की रेकी करते थे। बंद घरों को चिह्नित कर रात में वहां चोरी करते थे। चोरी का माल नेपाल ले जाकर बेचते और रुपए आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। इनमें अंगूठियां, मांग टीका, मक्खी, मंगलसूत्र, नाक की कील, कर्धनी, पाजेब, पायल और बिछिया शामिल हैं। इसके अलावा 20 हजार रुपए नगद, दो मोबाइल फोन और एक बिना नंबर की अपाची मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

पुलिस अधिकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद शमशाद व तौफीक अहमद निवासी गोपीजोत थाना मोहाना, शहजाद अहमद निवासी परसामहापात्र थाना कोतवाली, लड्डू हरिजन निवासी कोरीपुर थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर व सदरे आलम निवासी भौंराजोत थाना कोल्हुई जनपद महराजगंज के है। क्षेत्राधिकारी सदर एएसपी विश्वजीत सौरयान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि जगदीशपुर राजा और रेहरा में हाल ही में हुई चोरियों को भी इसी गिरोह ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# अब देश-विदेश में गूँजेगा ब्रज की भगतलीला का नक्कारा : आचार्य डॉ. खेमचन्द यदुवंशी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** एक जमाना था जब मथुरा में 13, आगरा में 20, वृन्दावन में 7 हाथरस में 5 भगतलीला के परम्परागत अखाड़े हुआ करते थे किन्तु अब केवल मथुरा में मात्र एक अखाड़ा ही शेष बचा है, बाकी सभी धीरे धीरे समाप्त हो गए हैं। ऐसे में विलुप्तीकरण के कगार पर खड़े ब्रज के अतिप्राचीन लोकनाट्य को यह भगतलीला-प्रशिक्षण शिविर संजीवनी प्रदान करेगा ₹ उक्त पंक्तियां आकाशवाणी मथुरा-वृंदावन के निवर्तमान केन्द्र निदेशक सर्वेश कुमार ने कृष्णा नगर स्थित होटल मुकुन्द रिसॉर्ट्स के सभागार में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज द्वारा मथुरा में पहली बार आयोजित 185 दिवसीय भगतलीला-प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कह कर प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

इससे पूर्व अतिथियों ने राधा-कृष्ण की युगलछवि पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया, ऋतुराज यदुवंशी व होतीलाल पाण्डेय ने भगत शैली में निबद्ध राधा की वंदना- 'श्री राधे वृषभानुजा करो कृपा की कोर' प्रस्तुत की, प्रद्युम्न यदुवंशी ने सभी का स्वागत-सत्कार किया।

तदोपरान्त अखाड़ों के उस्ताद-खलीफाओं के सानिध्य में यदुवंशी भगतलीला अखाड़े के वरिष्ठ गुरु व प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक संगीताचार्य डॉ. खेमचन्द यदुवंशी द्वारा गोपाल चतुवेर्दी, ऋतुराज यदुवंशी, प्रद्युम्न यदुवंशी, कन्हैया लाल, बाँके लाल पाण्डेय, अल्ताफ राजा, कन्हैया लाल पाण्डेय, शिखा पाठक, रेखा उपाध्याय, कामिनी पाण्डेय आदि प्रशिक्षणार्थियों का परम्परागत रूप से वर्ण-बंधन व मुँह भराई रश्म पूर्ण की गई। तदोपरांत डॉ. यदुवंशी ने भगतलीला के ऐतिहासिक पक्ष व छन्द विधान पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विलुप्त होते हुए लोकनाट्य भगतलीला का संरक्षण, सम्वर्धन व प्रचार-प्रसार करना है, यह प्रशिक्षण छह माह तक अनवरत चलेगा

अध्यक्षता मनियां भट्ट लाल दरवाजा मथुरा के वरिष्ठ खलीफा ओम प्रकाश कुशवाह ने की तथा विशिष्ट अतिथि रहे यदुवंशी अखाड़े के खलीफा पं. होतीलाल पाण्डेय व ग्वालियर घराने के सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ मजीद खान।

आयोजन का संचालन डॉ. दीपक गोस्वामी ने किया तथा डॉ. मुकेश शर्मा द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया।

## मोबाइल लूटने के विरोध पर चलती ट्रेन से युवक को दिया धक्का, घायल

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** जिला मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव महेशपुर निवासी 25 वर्षीय अंकित मंगलवार सुबह लुटेरों का शिकार हो गया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल अंकित ने बताया है कि वह मुरादाबाद कस्बे स्थित कवड़ी फैक्ट्री से काम खत्म कर ट्रेन द्वारा घर लौट रहा था। रास्ते में कुछ लुटेरे मिले, जिन्होंने पहले उससे 50 रुपए की मांग की। पैसे न देने पर उन्होंने उसका मोबाइल छीन लिया और मुरादाबाद स्टेशन से ट्रेन पकड़कर फरार हो गए।

पीड़ित ने हिम्मत दिखाते हुए बरेली तक उनका पीछा किया और एक लुटेरे को पकड़ भी लिया। लेकिन इसी दौरान लुटेरे ने अपने साथियों की मदद से अंकित को सुभाषनगर स्थित अंधी पुलिया के पास चलती ट्रेन से नीचे धक्का दे दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद घायल अंकित को पुलिस ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है। युवक के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई हैं।

## अवैध देशी शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़।** जनपद के थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान 2 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से अवैध देशी शराब बरामद हुई हैं आपको बता दें जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान सुधीर पुत्र राजवीर निवासी महमूद गड़ी थाना किठोर जनपद मेरठ को ग्राम नानई से पलवाड़ा को जाने वाले रास्ते व विनोद कुमार पुत्र जवर सिंह निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना बहादुरगढ़ को ग्राम पलवाड़ा से बहादुरगढ़ रोड बंबा पुलिया के पास गिरफ्तार किया है दोनों के कब्जे से 50 फ्रूटी टाईप देसी देशी शराब बरामद हुई हैं।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## शिक्षा में तकनीक का नया अध्याय : स्मार्ट क्लासेज से बच्चों में दिखा बच्चों का उत्साह

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** अब नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई ब्लैकबोर्ड नहीं बल्कि बड़ी स्क्रीन पर होगी। ऑनलाइन देश-दुनिया से जुड़कर पढ़ाई कराने की इस नई पहल से विद्यालयों का माहौल बदल गया है। बच्चे जहां उत्साह के साथ स्मार्ट क्लास में पढ़ाई कर रहे हैं, वहीं अध्यापक भी इस नई पद्धति से गदगद हैं। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा के प्रयास, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश यादव के प्रस्ताव और अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी की देखरेख में नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत के रूप में विकसित करने के क्रम में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया गया है।

# जिलाधिकारी ने यमुना का बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत रमण रेती आश्रम का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत तहसील महावन के गोकुल क्षेत्रांतर्गत रमण रेती आश्रम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, तहसीलदार महावन अमित त्रिपाठी के साथ रमण रेती आश्रम के संपूर्ण परिसर का बारीकी से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने सभी पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ससमय उक्त कार्य को कराया जाए, जिससे बाढ़ की स्थिति में कोई भी पशु को नुकसान न हो।

रमण रेती आश्रम निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील महावन के यमुनापार नगला कोल्हू में स्थित बाढ़ चौकी/ शेल्टर होम का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी कमरों का अवलोकन किया। बेड, गद्दे, चादर, तकिया आदि को देखा। उन्होंने उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता को शेल्टर होम में आने वाले सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों हेतु भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने महावन के विशाल मैरिज लॉन के स्थापित शेल्टर होम का निरीक्षण किया। उन्होंने शेल्टर होम में बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की तथा उनसे कुशलक्षेम जाना। उन्होंने परिवारों से भोजन, पानी, विद्युत, रहने हेतु की गई अन्य व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता को निर्देश दिए कि किसी भी परिवार को परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा सभी को समय से भोजन उपलब्ध कराए।

# नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को लेकर लोगों में आक्रोश

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के देरी से क्षेत्रों में आने से लोगों में काफी नाराजगी हैं। लोगों का कहना है कि जब हम स्नान ध्यान करके अपने घर का अन्य काम करने में लग जाते हैं तब जाकर नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी क्षेत्र में आती है ऐसे में कूड़ा उन्हें नहीं दे पाते, और गाड़ियां वापस चली जाती है।

नौकरी पैशा लोगों का कहना है कि सुबह सवेरे पूजा पाठ और स्नान कर हम लोग अपने काम धंधे के लिए निकल जाते हैं और कूड़ा उठाने वाली गाड़ी समय पर नहीं आ पाती, जिस कारण कूड़े के निस्तारण के लिए लगाई हुई गाड़ियों का कोई औचित्य ही नहीं बनता। हम लोगों को कूड़ा खुद ही निस्तारित करना होता है, ऐसे में नगर निगम के नियमों की अनदेखी तो होती ही है लेकिन इसमें हम करें भी तो क्या करें ? जो संस्था कूड़ा उठाने के लिए लगाई गई है वह अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है, ऐसे में हम लोगों को स्वयं ही पूर्व समय की भांति कूड़े को निस्तारित करना होता है।

आपको बता दें कि शहर के तमाम वार्डों में नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां भ्रमण करती हैं और घर घर जाकर कूड़ा उठाती है लेकिन इन गाड़ियों का कोई निश्चित समय नहीं है कभी-कभी तो यह गाड़ियां सुबह सवेरे ही आ जाती हैं, लेकिन अधिकांश दिन इन गाड़ियों का समय 10:00 बजे से 12:00 के बीच ही रहता है ऐसी दशा में लोग अपने काम धंधे पर निकल जाते हैं और उनका कूड़ा इन गाड़ियों को नहीं मिल पाता, जिस कारण लोग अपने घर के कूड़े का निस्तारण स्वयं ही करने के लिए मजबूर होते हैं। लेकिन नगर निगम की यह गाड़ियां जैसे महीना पूरा होता है वैसे ही प्रत्येक घर से 50 रुपये की रसीद काटना नहीं भूलते। इन गाड़ियों से केवल बरेलीवासी ही नहीं परेशान है इन गाड़ियों की वजह से नगर निगम की सफाई कर्मचारी भी परेशान है। क्योंकि नगर निगम के सफाई कर्मचारी तमाम इलाकों में झाड़ू लगाकर कूड़ा एक जगह इकट्ठा कर लेते हैं जिनको उठाने की जिम्मेदारी इन्हीं गाड़ियों की बनती है लेकिन यह गाड़ी समय पर नही पहुंचती, अभी कुछ दिन पहले दरगाह आला हजरत के पास सफाई कर्मचारियों ने एक जगह कूड़ा इकट्ठा कर इन गाड़ियों का विरोध किया था मामला कोतवाली तक भी पहुंचा था लेकिन फिर भी इन गाड़ियों के संचालन करने वाली संस्था पर कोई फर्क नहीं पड़ा। बरेली नगर निगम के सीबीगंज, सर्वोदय नगर कॉलोनी, काशीराम आवासीय कॉलोनी, खलीलपुर सनैयारानी मेवाकुंवर, सुभाष नगर, मणिनाथ, बिहारीपुर, संजय नगर, हजियापुर, हैदराबाद उर्फ खडौआ, मथुरापुर, सरनिया आदि क्षेत्रों में नगर निगम की इन कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के खिलाफ लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## संपूर्ण विषयो पर आधारित एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल पर की महत्वपूर्ण चर्चा

**बाराबंकी।** जिला स्तरीय पांच दिवसीय संपूर्ण विषयो पर आधारित एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रशिक्षण डायट प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक डॉ राजेश कुमार आर्या के निर्देशन में चल रहे प्रशिक्षण के दूसरे दिन गुणवत्ता और प्रशिक्षण के महत्व पर चर्चा हुई, जिला स्तरीय पांच दिवसीय एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल संपूर्ण विषयों पर आधारित प्रशिक्षण जिसमें ब्लॉक फतेहपुर त्रिवेदीगंज दरियाबाद रामनगर बनिकोडर के शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

डायट प्रवक्ता एवं राज्य स्तरीय संदर्भदाता आनंद कुमार यादव, लालचंद, राहुल सिंह सूर्य , महेंद्र कुमार यादव ,जहीर अहमद जितेंद्र कुमार सोनकर सुकेश रंजन श्रीवास्तव अमित कुमार राय शिखा साहू गीतांजलि यादव के द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

# जिले में तीन लाख लोगों को नहीं मिलेगा खाद्यान्न

## तीन माह में केवाईसी नहीं कराई तो राशनकार्ड होगा निरस्त

वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य

**बरेली।** अब अगर तीन महीने के अंदर राशन कार्ड में दर्ज लाभार्थियों ने केवाईसी नहीं कराई तो उनके नाम राशन कार्ड से हटाने की तैयारी की जा रही है, जिसकी वजह से बरेली जिले के करीब तीन लाख लोगों को खाद्यान्न नहीं मिलेगा। शासन के निर्देश पर तीन माह के लिए इन यूनिटों को निलंबित किया गया है। इस दौरान भी केवाईसी नहीं कराने पर राशनकार्ड से संबंधित यूनिटें निरस्त कर दी जाएंगी। वर्ष 2023 में राशन कार्ड में दर्ज लोगों के सत्यापन के लिए शासन ने केवाइसी कराने का निर्देश दिया था।

कोटेदारों-लाभार्थियों के विरोध की वजह से यह प्रभावी नहीं हो सका था। जुलाई 2024 में दोबारा इस कवायद को शुरू किया गया। जिसमें जुलाई 2025 तक महज 85 फीसदी लोगों का ही सत्यापन हो सका।

### जिले में जारी राशनकार्डों का ब्योरा

**शहरी क्षेत्र**

- 2,12,177 पात्र गृहस्थी राशनकार्ड से संबद्ध हैं 9,32,198 लाभार्थी और 4,909 अंत्योदय कार्ड से संबद्ध हैं 16,066 लाभार्थी।

**ग्रामीण क्षेत्र**

- 4,59,639 पात्र गृहस्थी राशन कार्ड से संबद्ध हैं 18,88,280 लाभार्थी और 94,778 अंत्योदय कार्ड में दर्ज हैं 2,85,558 लाभार्थी शामिल हैं।

जिसके बाद शासन से 31 अगस्त तक केवाईसी कराने के लिए अंतिम मौका दिया गया। इसके बावजूद केवाईसी नहीं कराने वाले लोगों के राशन वितरण पर अस्थायी रोक लगाने के लिए कहा था। माहभर में और चार फीसदी लोगों ने केवाईसी कराई।

एक सितंबर को विभागीय पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार अब तक 89 फीसदी लोगों की केवाईसी हो चुकी है। बाकी 11 फीसदी लोगों (यूनिट) को सितंबर में राशन नहीं मिलेगा। हालांकि, वितरण से पूर्व अगर केवाईसी करा लेंगे तो उनको अक्तूबर में खाद्यान्न मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह के मुताबिक, प्रवासी मजदूरों और नौकरीपेशा लोगों को लेकर समस्या आ रही है।

बुजुर्गों और बच्चों का बायोमेट्रिक डाटा आधार कार्ड से मेल नहीं खाने से भी अड़चन आ रही है। अभी उपभोक्ताओं के पास तीन माह का मौका है। इस बीच सत्यापन करा लेंगे तो राशन वितरण शुरू हो जाएगा। नए निर्देश के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को राशन दिया जाएगा, पर इससे ज्यादा उम्र के बच्चों की केवाईसी जरूरी है। नए राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक यूनिट का सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है।

# तेलंगाना एक्सपोजर विजिट में शामिल हुई माधुरी सिंह

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया



**माल,लखनऊ।** पंचायती राज विभाग ने कई जनपदों से चयनित ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवों का चयन किया है। यह सभी तेलंगाना राज्य में एक्सपोजर विजिट के दौरान पंचायत स्तर पर बेहतर कार्य के तरीके सीखेंगे। इसमें लखनऊ जिला से एक प्रधान माधुरी सिंह का चयन किया गया है। एक्सपोजर विजिट 1 से 5 सितंबर तक चलेगा। इसमें काकोरी विकासखंड की ग्राम पंचायत थावर की महिला ग्राम प्रधान माधुरी सिंह का चयन हुआ था।जो कि लखनऊ से तेलंगाना के लिए रवाना हो चुकी हैं। ग्राम पंचायत थावर की अंग्रेजी एवं अर्थशास्त्र से एम ए की पढ़ाई कर शिक्षित अपनी धुन की पक्की महिला प्रधान माधुरी सिंह ने गांव के विकास की नई इबारत लिखी। गांव की चमाचम पक्की, विद्युतीकरण से हर घर रोशन हुए। स्वच्छता मिशन को कामयाब बनाया। अब हर घर में शौचालय के साथ ही यहां जल संचयन, जलनिकासी, शुद्ध पेयजल का प्रबंध भी पुख्ता है। असहाय, वृद्ध, दिव्यांग, विधवा महिलाओं को सरकारी पेंशन दिलाया है।

# निर्वाचन आयोग की योजना बीएलओ आपके दस दिन बाद भी बीएलओ और सुपरवाइजर का कोई पता नही

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** मतदाता सूची सुधार की दृष्टि से निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत की निर्वाचन नामवाली 2025 अन्तर्गत बी एल ओ आपके द्वार योजना मतदाता सूची मे सुधार और नये नामो को जोडे जाने हेतु शुरू की है ।जिसका निर्वाचन आयोग ने बडे जोर शोर के साथवप्रचार प्रसार किया है ।लेकिन जनपद प्रतापगढ़ मे एक ग्राम सभा ?सी भी है ।जहा बी एल ओ आपके गाव प्रोग्राम का बी एल ओ और उनके सुपरवाईजर ने मजाक मान आज तक गाव जाने और कार्य शुरू करने की जरूरत ही महसूस नही की है ।

जनपद के विकास खड क्षेत्र रामपुर सग्रामगढ की बहुचर्चित ग्राम सभा पूरे बीरबल मे निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार मतदाता सूची मे




सुधार और नये नामो को जोडने का काम बी एल ओ तथा सुपरवाईजर को 19 सितम्बर को शुरू कर ,29 सितम्बर को अन्तिम रूप से रिपोर्ट विभाग को सौपनी है ।लेकिन पूरे बीरबल ग्राम सभा की नामित बी एल ओ चन्द्रवती और उनके सुपरवाईजर ब्रजेन्दमणि ने काम आज तक शुरू न किया ।इस विषय मे जागरूक ग्रामीणो ने जब पता करना शुरू किया तो पता चला कि पुरानी बी एल ओ से काम कराने का प्रयास किया जा रहा है ।

उपरोक्त प्रकरण पर जब वेलकम इन्डिया प्रतापगढ़ ब्यूरो चीफ ने पुरानी बी एल ओ से बात की तो उन्होने बताया कि हा हमे काम करने को कहा गया है ।लेकिन इसके लिए कोई आथराईज पत्र नही दिया गया है। हमारे घर हमारी सास की मौत हुई है ।हमने तहसील जाकर प्रार्थना पत्र दिया है ।इसी विषय मे वी आर सी से पूछने पर बताया गया कि हा प्रार्थना पत्र मिला है ।उसकी कुछ दिक्कत है। जल्दी ही काम शुरू करा देगे ।लेकिन जब वी आर सी महोदय से वेलकम इन्डिया ने सवाल किया कि वेबसाइट पर जिनके नाम है आखिर उनके इतर व्यक्ति से बी एल ओ का काम कराने का प्रयास क्यो किया जा रहा है ।तो उन्होने कहा ये

# मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर मसूरी में मुख्यमंत्री ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर मसूरी स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखण्ड बनाने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन के दौरान मसूरी में शहीद हुए आंदोलनकारी बलबीर सिंह नेगी, बेलमती चौहान, हंसा धनाई, धनपत सिंह, राय सिंह बंगारी और मदन मोहन ममगई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने हमारे बेहतर भविष्य के लिए अपना वर्तमान दांव पर लगाकर उत्तराखण्ड के निर्माण में अपना अद्वितीय योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि 2 सितंबर 1994 का दिन राज्य के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। इस दिन मसूरी की वीरभूमि पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों को पुलिस की गोलियों का सामना करना पड़ा। यह घटना उस समय के सत्ताधारी दलों के दमनकारी रवैये का प्रतीक थी, जिन्होंने एक शांतिपूर्ण आंदोलन को निर्दयता के साथ कुचलने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी तहसील बनाने के लिए सीएम का आभार व्यक्त करने के साथ ही मसूरी की विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी, दजाधारी सुभाष बड़थ्वाल, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन मल्ल सहित राज्य आंदोलनकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए।

# सडकों पर गंदगी और पौधे नष्ट कर रहे छुट्टा पशु परेशान लोगों ने कैंट बोर्ड सीईओ से की शिकायत



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** मेरठ कैंट स्थित वार्ड नंबर छः में मौहल्ला धर्म पुरी में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर अवैध डेयरी संचालित कर रहा शफिक अहमद द्वारा जानबूझकर अपने पशुओं को खुला छोड़ देता है समझाने पर भी नहीं मान रहा है। बता दें सड़कों पर छुट्टा पशुओं से जगह जगह मल मूत्र की गंदगी व दुर्गंध के आलावा आस-पास स्थानीय लोगों द्वारा अपने भवनों के बहार पेड़ व सुगंधित पुष्प पौधे रोपित बागवानी को भी नष्ट कर दें रहे है। आवारा पशुओं द्वारा आज फिर गमले व पौधे नष्ट हुए तो स्थानीय लोग पशुओं द्वारा की जा रही गंदगी व नुकसान से परेशान लोगो ने पशुओं को बांध कर रखने को कहा तो डेयरी संचालक बोला जानवर है हर समय इन्हें बांध नहीं सकते। इस मामले में धर्म पुरी के स्थानीय लोगों की ओर डेयरी संचालक द्वारा गंदगी फैलाने व रोपित पेड़ पौधे नष्ट करने की परेशानीयों से कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन को समस्या के निदान हेतु अवगत कराया गया है।

# तमंचे संग आरोपी गिरफ्तार , पत्नी की वायरल तस्वीर से मचा था हंडकप

वेलकम इंडिया



**कांधला।** मोहसीन रहमानी पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राम डुढार निवासी सुन्दर पुत्र लख्मी को धर दबोचा। पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को तमंचे सहित हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव ढूढर निवासी सुन्दर की पत्नी ममता का विगत सोमवार को फोटो सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ वायरल हुआ था, जिसके बाद से पूरे इलाके में तरह-तरह की चचाएँ शुरू हो गई थीं। महिला के साथ फोटो वायरल होने से पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए महिला की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस ने आरोपी सुन्दर को अवैध तमंचे के साथ उसके घर से दबिश देकर पकड़ लिया तो गांव वालों के बीच यह सवाल जोर पकड़ रहा है कि आखिरकार पुलिस उसकी पत्नी तक कब पहुँचेगी, जिसकी तस्वीर तमंचे के साथ खुलेआम वायरल हुई थी।पकड़े गए आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, कांस्टेबल प्रवेश कुमार और कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार शामिल रहे। गांव में इस बात की चचाएं तेज हो गई हैं कि पति तो पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है, अब क्या पत्नी भी पुलिस के शिकंजे में आएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए आरोपी ने अपनी पत्नी के हाथों में तमंचा देकर अपने मोबाइल से तस्वीर खींची थी और वायरल कर दी थी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है फिर भी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शव पोस्टमार्टम से आने पर गमगीन माहौल में सपुर्द ए खाक

**कांधला।** क्षेत्र के किवाना मार्ग पर युवक का शव मिला था। मृतक के शव के समीप बाइक क्षतिग्रस्त खड़ी मिली थी। आशंका लगाई जा रही थी कि युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हुई है।पुलिस में शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक युवक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। कस्बे के किवाना मार्ग पर कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी आलम पुत्र शब्बीर का शव मिला था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर कर पीएम के लिए भेज दिया था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। बुधवार को मृतक युवक का शव पीएम होने के बाद घर पहुंचा। परिजनों ने मृतक के शव को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है।

# यमुना नदी का जलस्तर बढ़ा, खतरे के निशान के करीब, पुलिस ने किया अलर्ट

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी थाना क्षेत्र से होकर गुजर रही यमुना नदी इन दिनों उफान पर है। हथिनी कुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है और अब यह खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच चुका है। हालात को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने नदी किनारे बसे ग्रामीणों को पूरी तरह सतर्क रहने की हिदायत दी है।मंगलवार को गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम सिंह भाटी पुलिस बल के साथ यमुना नदी के किनारे बसे ग्राम इस्सोपुर टील, डूंडूखेड़ा, गढ़ी रामकौर, सहितआदि गांवों में पहुंचे। यहां उन्होंने लाउडस्पीकर के जरिए मुनादी कर ग्रामीणों को सचेत किया।

चौकी प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में ग्रामीणों से कहा कि कोई भी व्यक्ति नदी के किनारे न जाए और न ही बच्चों को वहां जाने दे। यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में किसी भी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है।नदी के उफान का असर आसपास की खेती पर भी साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ते जलस्तर की वजह से सैकड़ों बीघा फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गई हैं। खेतों में खड़ी धान, जवार, ईंख और अन्य फसलें बर्बाद हो गईं। किसानों की मेहनत पर पानी फिरने से ग्रामीणों में मायूसी छा गई है। किसान प्रशासन से राहत और मदद की गुहार लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई सालों में यमुना का जलस्तर इतनी तेजी से नहीं बढ़ा था। इस बार अचानक नदी का उफान गांवों के लिए खतरे की घंटी बनता जा रहा है।

# दबंगो ने युवती के साथ दुकान पर की अभद्रता

**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवती के साथ दो युवकों ने एक सप्ताह पूर्व दुकान पर पहुंचकर अभद्रता करते हुए मारपीट की थी। मारपीट में युवती के कपड़े फट गए थे। पीड़िता का आरोप है की शिकायत के बाद भी आरोपी के खिलाफ पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक युवती ने एक सप्ताह पूर्व थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के पास क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी प्रीति सैनी का आना-जाना है। प्रीति सैनी की शादी दो वर्ष पूर्व कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव किशोरपुर निवासी विपिन सैनी के साथ हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उक्त मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़ित का आरोप है कि एक सप्ताह पूर्व पीड़िता अपनी कॉस्मेटिक की दुकान पर बैठी कार्य कर रही थी। आरोप है इसी बीच विपिन सैनी अपने साथी संदीप सैनी के साथ पीड़िता की दुकान पर पहुंचा और प्रीति के बारे में जानकारी करने लगा। पीड़िता ने किसी भी प्रकार की जानकारी होने से मना किया तो आरोप है कि आरोपी आग बबूला हो गया और गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोप की आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ मारपीट की और पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए थे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक आए दिन सोशल मीडिया पर पीड़िता के खिलाफ आपत्तिजनक बातें लिखता है, जिससे पीड़िता मानसिक रूप से परेशान है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जसाला स्वास्थ्य केंद्र पर जच्चा-बच्चा केंद्र का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गांव जसाला स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्य चिकित्साधिकारी अनिल कुमार ने स्वास्थ्य केंद्र पर बीस बेड वाले जच्चा-बच्चा लेबर रूम का फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन के मौके पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी ने केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया और प्रभारी रामबीर सिंह को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाली हर गर्भवती महिला को समय से इलाज और बेहतर सुविधा मिलेगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएमओ ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अब किसी को भी प्राइवेट क्लीनिक का रुख करने की जरूरत नहीं है।

इस अवसर पर रामबीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, महिला चिकित्सक डॉ. मयूरी, स्टाफ नर्स ममता समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर में धूमधाम से निकली गणेश विसर्जन यात्रा

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर स्थित शिव मंदिर से मंगलवार को गणेश विसर्जन यात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शिव मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

यात्रा की शुरूआत शिव मंदिर से हुई, जो बड़ा बाजार, गढ़ रोड और अंबेडकर मोहल्ला होते हुए पुनः गढ़ रोड से कंठी माता मंदिर पहुंची। यहां समापन के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को ब्रजघाट ले जाकर विधिविधान के साथ विसर्जित किया गया।

डीजे की धुन और गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में शामिल हुए। कस्बे में जगह-जगह जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की गई। भाजपा नेता तारिक खान ने पुष्पवर्षा और जलपान कर स्वागत किया। वहीं, देवेंद्र पत्रकार, प्रमोद कुमार जाटव,और अहरिया समाज, अम्बेडकर मोहल्ले में जाटव समाज के लोगों ने प्रसाद वितरण कर यात्रा को भव्य स्वरूप दिया।

इस मौके पर देवेंद्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, विक्रांत त्यागी (भाजपा), नवनीत अग्रवाल, अमित सैनी, पवन, अक्कू सोनी, निखिल, अभय शंकर, सतवीर प्रजापति, मनीष जाटव, आशुतोष, मनोज, वंश, चिराग, मूलचंद, अजय कुमार उर्फ छंगा, आशीष, प्रियांशु, आकाश, सोनू, शिवा, अखिल अग्रवाल, शाहिद खान, चिंटू और पुष्पेंद्र सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए इंस्पेक्टर बृजेश कुमार पांडेय पुलिस टीम के साथ पूरी यात्रा के दौरान मौजूद रहे और निगरानी करते रहे।



# उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जयप्रकाश की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों/पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि मतदाता सूची को परिष्कृत बनाने की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों पर राजनीतिक दलों के पदाधिकारी से बिंदुवार चर्चा करते हुए कहा कि मतदेय स्थलो में अनुभाग/सेक्शन, (राजस्व ग्राम) में मजरा, टोला, पुरवा हो तो उनका नाम लिखकर अलग-अलग अधिक संख्या में नया अनुभाग बनाया जाय तथा मतदाता सूची में अनुभाग बनाते समय यह ध्यान में रखा जाय कि एक परिवार के मतदाता एक साथ रहे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में किसी व्यक्ति का फोटो आधा, अधूरा व अस्पष्ट, टोपी लगा, चश्मा लगा, सेल्पी का फोटो, आयोग के मानक से छोटा फोटो, बेड पर बैठकर खीचा फोटो, शादी विवाह का खींचा फोटो, रूमाल बाधकर, मास्क लगाकर आदि फोटो मतदाता सूची में यदि लगा हो तो उसको संबंधित मतदाता से फार्म-8 भरवाकर फोटो को तुरन्त बदलवाया जाने की प्रक्रिया की जानी है। उन्होंने कहा कि नये फार्म-6 व 8 जो प्राप्त हुआ है/फार्म लगा फोटो को विशेष ध्यान दिया जाय कि इस तरह का फोटो न लगा हो। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में जिन मतदाताओं का 100 वर्ष से अधिक आयु अंकित है, उनका प्रत्येक दशा में सत्यापन कराते हुए उनका फार्म-8/फार्म-7 भरवाते हुए कार्यवाही पूर्ण किए जाने के निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए हैं।

इसी प्रकार मतदाता सूची में म0नं0 जीरो, नया मकान, आठ अंक के मकान नं0 इत्यादि अंकित है तो उसका भी सुधार बी0एल0ओ0 के माध्यम से फार्म-8 भराकर किया जाना है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से उक्त कार्यों में सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा है कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा पुनः संशोधित बूथ लेवल एजेन्टों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दिया जाए।

इस अवसर पर राजनैतिक दलों के पदाधिकारीगण सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पीड़ित ने लगाई पुलिस कप्तान से गुहार

**बाराबंकी।** जनपद बाराबंकी के थाना जैदपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत किठूरी के ग्राम पूरे निहाल निवासी महंगू ने पुलिस अधीक्षक बाराबंकी से एससी एसटी सहित अन्य धाराओं में दर्ज अपराध मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु मांग की है। पीड़ित महंगू के मुताबिक थाना जैदपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 443/2024 में अभियुक्तजन चंद्रेश वर्मा, विजय प्रकाश, प्रसददू व जोगी आदि के खिलाफ एससी एसटी अधिनियम व अन्य सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज है। जिसकी विवेचनात्मक कार्यवाही सीओ रामसनेही घाट द्वारा माननीय न्यायालय में प्रस्तुत की जा चुकी। परन्तु पीड़ित का आरोप है अभियुक्तगण की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी न किए जाने से उसे उसके परिवार में भय व्याप्त है व लगातार पीड़ित व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

# सेमरियावा से बढ़यामाफी मार्ग बदहाल , जिम्मेदार बेखबर

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के गांव बढ़यामाफी को बीएमसीटी बस्ती मेहदावल मार्ग से जोड़ने वाली सड़क बदहाली की शिकार है। सड़क पर बन आये गहरे गहरे गड्ढे लोगों की परेशानी का कारण बने हुए हैं। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।

सेमरियावा ब्लाक के गांव बढ़यामाफी गांव को बीएमसीटी बस्ती मेहदावल मार्ग से जोड़ने वाली सड़क पर मरम्मत व देखरेख के अभाव में गहरे गहरे गड्ढे बन गये हैं जिसके कारण आये दिन लोग चोटहिल होते रहते हैं। इसी मार्ग पर नूरुल करीम मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज और अलहिदायह पब्लिक स्कूल भी संचालित है। वर्षों पूर्व लाखों की लागत से इस सड़क का निर्माण कार्य हुआ था तब लोगों में आस जगी थी कि अब सफर की दुश्वारियों से निजात मिलेगी। विभागीय जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण सड़क के परखच्चे उड़ गये हैं।

ग्रामीण एजाज मुनीर, तौफीक अहमद, सद्दाम हुसैन, नौशाद अहमद, निजामुद्दीन, शहजाद अहमद, अर्जुन कुमार, इकबाल अहमद आदि ने प्रशासन से सड़क का निर्माण कार्य कराये जाने की मांग किये हैं।

# अपहरणकर्ता गिरफ्तार गया जेल, किशोरी बरामद



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को एक बजे के आसपास किशोरी को बहाल-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक को मेंहदीगंज अण्डरपास से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी कर के जेल भेज दी। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि बीते 17 अगस्त को मिजार्मुराद थाना क्षेत्र एक गांव की किशोरी को बड़ागांव थाना क्षेत्र के रसुलपुर गांव निवासी युवक रौनक अहमद बहाल-फुसलाकर भगा ले गया।उक्त मामले में किशोरी के पिता के तहरीर पर 20 अगस्त को अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम किशोरी के खोजबीन हेतु लगाई थी तभी मंगलवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि किशोरी के साथ रौनक नामक युवक मेंहदीगंज अण्डरपास के पास मौजूद है।जिसपर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अपहरणकर्ता रसुलपुर (बड़ागांव) निवासी रौनक अहमद को पुलिस गिरफ्तार करते हुए किशोरी को बरामद कर ली।गिरफ्तार युवक ने पुलिस के पूछताछ में बताया कि किशोरी से में बहुत प्रेम करता हूं शादी करने के इरादे से भगाकर लेकर गया पैसा खत्म होने पर घर वापस जा रहा था तभी पकड़ा गया।उक्त युवक द्वारा इसके पूर्व में भी किशोरी का अपहरण कर भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था और जेल भी गया था जेल से छूटने के बाद दूसरी बार किशोरी को लेकर भागा था।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी के साथ एसआई प्रेम कुमार, कांस्टेबल रितुराज कुमार व महिला कांस्टेबल ज्योति गुप्ता रही।

# थाना मेहदावल पुलिस ने जिला बदर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना मेहदावल सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 वीरेन्द्र चौधरी, हे0का0 मनोज प्रसाद ने जिला बदर आदेश के बाद भी लुक छिपकर रह रहे अभियुक्त श्रीकेश उर्फ शिवकेश पुत्र फेकूराम निवासी जमोहरा थाना मेहदावल को मंगलवार को रेलवे स्टेशन खलीलाबाद के पास से सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों- निदेर्शों का अक्षरः पालन करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया उक्त गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 342/2025 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया ।विदित हो कि उक्त अभियुक्त को जिला प्रशासन द्वारा छः माह की अवधि के लिए जनपद संतकबीरनगर से जिलाबदर का आदेश दिया गया था । अभियुक्त को इस आदेश का तामिला भी आदेशोपरान्त करवा दिया गया था, उसके उपरान्त भी अभियुक्त जनपद की सीमा में लुक छिप कर निवास कर रहा था । जिलाबदर आदेश के उल्लंघन के क्रम में थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्त को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

# इलेक्ट्रॉनिक बस डिपो पर लगा रक्तदान शिविर

**वेलकम इंडिया**




**मिजार्मुराद।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित इलेक्ट्रॉनिक बस सेवा डिपो में मंगलवार को साधना फाउंडेशन के नेतृत्व एवं परिवहन मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं नेत्रदान संकल्प शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि वाराणसी भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष/एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा द्वारा किया गया।शिविर में कुल 20 यूनिट रक्तदान हुआ।रक्तदान करने वाले लोगों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वही सभी को जागरूक करते हुए मुख्य अतिथि पूनम मौर्या ने कहां की रक्तदान से अनगिनत जीवन बचाए जा सकते हैं और नेत्रदान से किसी की अंधेरी दुनिया को रोशन किया जा सकता है।समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस पवित्र अभियान से जुड़ना चाहिए।

इस अवसर पर साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सौरभ मौर्या ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए रक्त एवं नेत्रदान को मानवता की सेवा का श्रेष्ठ कार्य बताया। नेत्रदान संकल्प शिविर का संचालन वाराणसी आई बैंक सोसाइटी के डॉ. अजय मौर्या द्वारा किया गया।इस अवसर पर शिविर में मुख्य रूप से साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव अभय मौर्या, भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, जिला कार्यसमिति सदस्य उपेन्द्र प्रताप सिंह 'उप्पू', अमित प्रकाश चौबे, मोहित सोनकर, अंकित पांडेय, ब्लड बैंक की तरफ से शिव प्रसाद गुप्त चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम, शालिनी वर्मा, सुप्रिया गुप्ता, इलेक्ट्रिक बस सेवा में कार्यरत मानव संसाधन अधिकारी अमित उपाध्याय, अनीश सिंह, उज्ज्वल नारायण सिंह, दुर्गेश प्रताप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सूफी संतों ने दिया भाईचारे का संदेश

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।** सूफी संतों ने सदैव भाईचारे व इंसानियत का संदेश दिया है उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर मनुष्य सुखमय जीवन व्यतीत कर सकता है। यह बात कस्बा बदोसराय स्थित हजरत मलामत शाह रहमतुल्ला अलैह के सालाना उर्स व तीन दिवसीय मेले का संयुक्त रूप से कौमी एकता द्वार पर फीता काटकर उद्घाटन करते हुए रामनगर विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई व ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने कहीं उन्होंने कहा कि सूफी संतों ने हमेशा कौमी एकता का संदेश दिया है जिससे मानव अमन चैन की जिंदगी जी सके उनके द्वारा बताए हुए रास्ते का अनुसरण करके आपसी भाईचारे की मिसाल कायम की जा सकती तब पश्चात उन्होंने मजार पर चादरपोशी करके मुल्क के अमानत चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष मो सईद वैश चौधरी मोहम्मद आरिफ इंतिखाब आलम नोमानी पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी मुस्ताक अहमद सचिव मो रफीक सिद्दीकी के अतिरिक्त मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# बस्ती के ग्राम सभा बगही में प्रधान पर सरकारी धन के दुरुपयोग



**वेलकम इंडिया/समर्थ कुमार सक्सेना**

**बस्ती।** ग्राम सभा बगही में प्रधान पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगा है। गांव वालों का कहना है कि प्रधान और उनके परिवार ने 25 वर्षों तक ग्राम पंचायत पर कब्जा जमाया हुआ है और सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। जब गांव वालों ने इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की, तो प्रधान और उनके समर्थकों ने उन पर हमला कर दिया। कई लोगों को बुरी तरह मारा-पीटा गया और एक लड़के पर जानलेवा हमला भी हुआ, जिससे उसकी आंखों से दिखना बंद हो गया।

यह मामला उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले का है, जहां सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहते हैं। इससे पहले भी देवरिया और आगरा में ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।

# शिक्षकों की उपलब्धियां को खंडित करने की साजिश कर रहा है प्रबंधक संघ : संजय द्विवेदी

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक ए. एच. एग्री.इंटर कॉलेज दुधारा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश राम व संचालन जिला मंत्री गिरजानंद यादव ने किया। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सहायता प्राप्त प्रबंधक संघ शिक्षकों की उपलब्धियां को खंडित करना चाहती है। षड्यंत्र के विरोध में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में प्रत्येक विद्यालयों पर 4 सितंबर को विरोध प्रदर्शन होगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रबंधक संघ की साजिश को सफल नहीं होने देगा।

जिलाध्यक्ष महेश राम ने कहा कि प्रबंधक संघ के 1 अगस्त 2025 के ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों की चर्चा विद्यालय इकाई पर करना है। उनके ज्ञापन की प्रति को पढ़कर सभी शिक्षको को अवगत कराना हैं। तत्पश्चात तख्ती पर स्लोगन लिखकर विद्यालय गेट पर विरोध प्रदर्शन करना है। जिला अध्यक्ष महेश राम ने कहा कि धनघटा तहसील में विंध्याचल सिंह, मेहदावल तहसील में गोपाल जी सिंह व खलीलाबाद तहसील में विनोद चौरसिया प्रदर्शन की देखभाल करेंगे।

जिला मंत्री गिरजानंद यादव ने कहा प्रबंधक संघ वेतन वितरण अधिनियम को समाप्त करना चाहती है। वह मुख्यमंत्री को गुमराह कर रही है। उत्तर प्रदेश का शिक्षक समाज सचेत नहीं हुआ, तो आने वाले समय में गंभीर परिणाम होंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ को मिलकर शिक्षकों को जागना होगा। उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना होगा।

बैठक में मोहम्मद इश्तियाक अंसारी, पुनीत कुमार त्रिपाठी, महेश्वर सिंह, कमरे आलम सिद्दीकी, अभिषेक मिश्रा, अफजल खान, अरशद जलाल, फिरोज अहमद, विनोद चौरसिया, विंध्याचल सिंह, गोपाल जी सिंह, हकीमुल्लाह, अखिलेश कुमारी, अवधेश कुमार त्रिपाठी, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# तहसील परिसर में आत्मदाह करने वाले मृतक के घर पहुंचा सपा प्रतिनिधिमंडल, व्यक्त किया शोक संवेदना

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार सपा प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को राजातालाब तहसील परिसर में बिगत दिन तहसील में आग लगाकर आत्महत्या करने वाले मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के जोगापुर निवासी महत वशिष्ठ नारायण गौड के घर पहुंचकर मृतक के बड़े भाई राम लखन गौड़ तथा उनकी पत्नी गीता देवी तथा बेटा कपिल देव गौड़ सहित परिवार वालों से मिलकर ढाढ़स बधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया।

जिसके दौरान एमएलसी आशुतोष सिन्हा, महिला सभा के प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री लल्लन राय, राष्ट्रीय महासचिव अनुसूचित जनजाति डॉ विनोद भास्कर गौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति काली प्रसाद गौड़ आदि प्रतिनिधिमंडल की टीम ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मृतक के परिवार वालों को न्याय दिलाने हेतु सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने का हम लोग काम करेंगे।

एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने जिलाधिकारी वाराणसी को फोन करके मृतक के परिजन को आवास बनवाने तथा उनके ऊपर लगाए गए जुमार्ना राशि को हटाने तथा आवासीय पट्टा तथा कृषि पट्टा व आर्थिक मदद दिलाने हेतु मांग किया।

इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक महेंद्र सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष महिला सभा शशि यादव, अमरनाथ यादव, राम सिंह यादव, कन्हैया राजभर, युवजन सभा प्रदेश सचिव अमन यादव 'अन्नू', विनोद भास्कर गौड़, एडवोकेट सुनील सिंह, अनिल यादव, सुजीत मास्टर, सुनील सोनकर, राजेश यादव, बबलू यादव, पूर्व प्रधान हरिशंकर बिन्द, कैलाश गोड़, अवधेश पटेल, दिनेश गौड़, मनोज यादव इत्यादि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र मंडल लोक सेवा ट्रस्ट प्रयागराज में गणपति महोत्सव पर बच्चों ने बिखेरी अपनी प्रतिभा की चमक

**वेलकम इंडिया**





**प्रयागराज।** महाराष्ट्र मंडल लोक सेवा ट्रस्ट प्रयागराज में कल आयोजित गणपति महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

स्वरनन्दन और नित्यशाला के बच्चों ने नंदन देशपांडे जी के निर्देशन में विभिन्न वाद्यों पर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। अद्विका, श्लोक और लक्ष्मण सहित कई बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसी क्रम में नित्यशाला अकादमी की झालवा शाखा के छात्र-छात्राओं ने भी विशेष प्रस्तुति दी, जिनके शिक्षक तेजस्वी सिंह जी हैं। बच्चों का उत्साह और उनकी मेहनत देख सभी अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए सर्टिफिकेट और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वी पी सिंह के सेवानिवृत होने पर आयोजित किया विदाई समारोह

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में तैनात स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वी पी सिंह को मंगलवार को रिटायरमेंट के बाद भावभीनी विदाई दी गई अस्पताल परिसर में आयोजित एक समारोह में स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों कर्मचारीयों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें भाव भीनी विदाई दी श्री सिंह सीएचसी रामसनेहीघाट में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात थे, सरकारी सेवा में रहने के बावजूद श्री सिंह ने सामाजिक योगदान में सराहनीय कार्य किया। 31 अगस्त को उन्होंने अवकाश ग्रहण किया इस अवसर पर आयोजित समारोह में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं कर्मचारियों की ओर से उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया साथ ही अंग वस्त्र और रामचरितमानस ग्रंथ प्रदान कर उनसे अपेक्षा की गई थी वह अवकाश प्राप्त करने के बाद भी सामाजिक योगदान में अपना सहयोग करते रहेगे।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित विद्यालय के संस्थापकों/प्रधानाचार्य के साथ की गयी गोष्ठी

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में दुधारा थाना परिसर में थानाक्षेत्र में स्थित विद्यालयों के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य के साथ गोष्ठी किया । गोष्ठी के दौरान निम्न आदेशों निदेर्शों से अवगत कराया गया:-

1. सभी विद्यालय अपने स्कूली वाहनों के लिए पार्किंग व विश्राम स्थल की व्यवस्था करें, वाहन रोड पर न खड़े किये जायें ।
2. स्कूली वाहनों के चालक व परिचालक ड्यूटी के दौरान अपनी निर्धारित वर्दी धारण करेंगे ।
3. स्कूली वाहनों के चालक व परिचालक का अनिवार्य रुप से चरित्र प्रमाण पत्र व लाइसेंस होना आवश्यक है ।
4. फिटनेस टेस्ट में फेल तथा बिना परमिट के संचालित स्कूली वाहनों का उपयोग न करें ।
5. स्कूली वाहनो हेतु 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों का प्रयोग न किया जाये ।
6. 18 वर्ष से कम आयु के बालकों के द्वारा निजी वाहनों का प्रयोग न किया जाये ।
7. विद्यालय में स्कूली बच्चों को लाने के लिए केवल स्कूली वाहनों का प्रयोग हो इससे भिन्न टैक्सी आदि के प्रयोग पर रोक लगायी जाये ।
8. जिन वाहनों में बच्चे बच्चियां दोनो जाते हैं, उनमें एक महिला कर्मचारी अवश्य मौजूद रहे ।
9. स्कूली छात्रों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाये, छोटे बच्चों को सड़क पार करते समय उनकी मदद अवश्य की जाये ।
10. यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाये ।
11. महिला सम्बन्धित किसी भी प्रकार की घटना के घटित होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने हेतु बताया गया तथा सभी बच्चों को सुरक्षा का एहसास हो ऐसी व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया ।

इस अवसर पर सीओ अजय सिंह, कमरे आलम सिद्दीकी, मुजीबुल्लाह, फिरोज अहमद, हाजी वसी अहमद, जमाल अहमद, अरशद अहमद, हाफिज मकसूद अहमद, फैजान अहमद, सैयद मुहम्मद निजाम अशरफ, मसीहुद्दीन, प्रवेश कुमार वरुण, मो अल्ताफ सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पंजाबी महिला संगठन की बैठक मे आगामी योजना को लेकर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर की कोर टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक संगठन की मुख्य सचिव श्रीमती पूनम ढींगरा के सौजन्य से उनके निवास पर आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करना और आगामी परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार करना था, ताकि संगठन समाज सेवा और पंजाबी कम्युनिटी के विकास की दिशा में और अधिक प्रभावी कदम उठा सके। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि ‟महिला पंजाबी संगठन हमेशा से समाजसेवा, शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण और सामुदायिक विकास के लिए कार्य करता आया है। आने वाले समय में हम और भी अधिक प्रोजेक्ट्स लेकर आएंगे, ताकि समाज के हर वर्ग तक सहयोग और मदद पहुँच सके। हमारा लक्ष्य सिर्फ संगठन की प्रगति नहीं, बल्कि पूरे समाज का सर्वांगीण विकास है।‟मुख्य सचिव श्रीमती पूनम ढींगरा ने भी बैठक के सफल संचालन में विशेष योगदान दिया। बैठक में समाज के कमजोर वर्गों के लिए सहायता कार्यक्रम, सांस्कृतिक व शैक्षिक गतिविधियों का विस्तार, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और सामुदायिक एकजुटता को मजबूत करने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में हर्षिता चौधरी ,गीता मोहन अरोड़ा, संतोष मेहता, मंजू शर्मा, शशि धींगरा, शमी खुराना, चरणजीत कौर, अमिता, मीना चावला, मीना भल्ला, प्रवीण आनंद, डॉ. सुषमा, विशाखा, नीता, रोजी , कोमल और अनीता सदस्य उपस्थित रहे।



# दो दिन की बारिश से जन-जीवन अस्त व्यस्त, बाजारों में छाया सन्नाटा, मुख्य मार्ग पर स्थित गड्ढे बने दुर्घटनाओं का सबब

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** सोमवार व मंगलवार को रूक-रूककर हो रही वर्षा से जनजीवन अस्त व्यस्त सा हो गया है। वहीं मोदीनगर व मुरादनगर के बाजारों में ग्राहकों के अभाववश सन्नाटा सा छाया रहा। उधर मोदीनगर व मुरादनगर में हाईवे पर बने गहरे गड्ढे सड़क हादसों व जन असुविधाओं का सबब बने हुए हैं। दो दिन की बारिश से स्कूल, कालेजों में भी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अपेक्षाकृत काफी कम बतायी गई है। बारिश से विद्युत आपूर्ति का भी बांधित होना स्वाभाविक है। निरंतर हो रही बारिश से मोदीनगर व मुरादनगर के अनेक निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति हो गई है। सुनील चावला, पं0 प्रभुदत्त शर्मा, महेश तायल, देवराज मित्तल, मुरादनगर के राकेश गोयल सहित कई व्यापारियों का कहना है कि बाजारों में वैसे ही मंदी का जोर है। ऊपर से बारिश के चलते ग्राहकों के न आने से हम हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। बिजली व अन्य खर्चे भी निकालने मुश्किल हो रहे हैं। उधर निचले क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। जल निकासी न होने से हाईवे पर कई जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। जो सड़क हादसों को बुलावा दे रहे हैं, क्योंकि जल भराव के चलते गड्ढे दिखायी न पड़ने से छोटे वाहन दुर्घटना ग्रस्त व क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उधर अनेक किसानों ने निरंतर हो रही वर्षा को ईंख व धान की खेती के लिए संजीवनी बताया है, लेकिन कुछ निचले खेतों में पानी रूक जाने से खेती के लिए वर्षा को हानिकारक भी बताया है।

उधर मुरादनगर के ग्राम असालतनगर में निमार्णाधीन मुख्य सड़क पर कीचड़ दलदल हो जाने से ग्रामीणों को आने जाने में भारी असुविधाएं हो रही हैं। आए दिन दुपहिया वाहन फिसल रहे हैं। कई बुजुर्गो भी दलदल में फिलस जाने से घायल हुए हैं। अनेक प्रभावित ग्रामीणों को नगर पालिका प्रशासन को कोसते देखा गया।

# स्वास्थ्य, उद्यान और निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में स्वास्थ्य, उद्यान और निर्माण विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर आयुक्त ने अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की ढिलाई स्वीकार्य नहीं है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि समस्याओं का निस्तारण तुरंत किया जाए और कार्यवाही रिपोर्ट बिफोर-आफ्टर फोटो के साथ प्रस्तुत की जाए। नगर आयुक्त ने साफ कहा कि जब भी किसी समस्या का समाधान किया जाए तो संबंधित विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें समाधान की जानकारी दें। इससे जनता का विश्वास मजबूत होगा और पारदर्शिता भी बनी रहेगी। बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि नालों से निकलने वाली सिल्ट, झाडू से इका कचरा, और पेड़ों की कटिंग का वेस्ट सड़कों पर पड़ा न रहे। इन्हें तुरंत उठाकर निस्तारित किया जाए। वहीं, शहर की सड़कों पर जहां भी गड्ढे दिखाई दें, उन्हें निर्माण विभाग तत्काल भरे। बैठक में इंदिरापुरम क्षेत्र की व्यवस्था की भी विशेष समीक्षा की गई। नगर आयुक्त ने ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही सी एंड डी वेस्ट उठाने को लेकर जोनवार रिपोर्ट देखी गई। नगर आयुक्त ने कहा कि 311 एप और आईजीआरएस के माध्यम से जो भी शिकायतें मिल रही हैं, उनका समाधान गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाए। पेंडेंसी को खत्म करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी वार्डों में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। धूल-मुक्त सड़कें, कूड़े और सिल्ट का समय पर उठान, ग्रीन बेल्ट और पार्कों की नियमित देखरेख अनिवार्य होगी। नगर आयुक्त ने कहा कि संसाधनों का बेहतर उपयोग कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में काम किया जाए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कर दिया कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही बरतेगा, उस पर सख्त विभागीय कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन आने वाली शिकायतों का समाधान उसी दिन होना चाहिए।

# स्वस्थ जीवन और पोषण के महत्व के प्रति किया जागरूक

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज के बी ए गृह विज्ञान विभाग के तत्वाधान में तथा प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अन्तर्गत द्वितीय दिन स्वस्थ जीवन और पोषण के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. सरिता और अतिथि वक्ता डॉ. छवि किरन गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ.छवि ने छात्राओं को फूड लेबलिंग पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. सरिता ने छात्राओं एवं महाविद्यालय की सराहना करते हुए अपना प्रेरणादायक उद्बोधन प्रस्तुत किया। अतिथियों को प्रशस्ति पत्र के साथ हस्तनिर्मित चित्रकला भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्माननीय संकाय सदस्यों में डॉ. ऋषिका पांडे, डॉ. नूतन सिंह, सुश्री रश्मि चैधरी, डॉ. आकांक्षा सारस्वत,



डॉ सारिका गर्ग, डॉ राखी मित्तल, श्रीमती सुमनलता, श्रीमती मधुलिका, सुश्री ज्योति, सुश्री फरहा और अन्य शिक्षिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सुश्री शिवानी शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# फरीद अंसारी को पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति के जिला प्रभारी पद पर किया नियुक्त

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** पत्रकार फरीद अंसारी को पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति ऑल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह व डीके०निगम प्रदेश महासचिव पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति रजिस्टर्ड द्वारा जिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने फरीद अंसारी को परिचय पत्र व जिला प्रशासन के विभाग में मनोयन पत्र की छाया प्रतिलिपि जमा कराने हेतु सौंपते हुए संगठन को मजबूत बनाने और जिले के पत्रकारों के हितों की जिम्मेदारी उनको दी है। बैठक में संगठन की भावी रणनीति पत्रकारों की सुरक्षा कार्य स्थल पर उत्पीड़न की रोकथाम और पत्रकार कल्याण योजनाओं के विस्तार पर भी चर्चा हुई। नव नियुक्त जिला प्रभारी फरीद अंसारी ने बताया कि मुझे संपूर्ण जिले के प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह इसको पूरी निष्ठा मनोयोग से निभाएंगे तथा यह केवल पद नहीं बल्कि पत्रकार समाज के प्रति एक वचन है। वह संपूर्ण जिले के सभी पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे तथा उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे वह संगठन के हर सदस्य को साथ लेकर पूरे जिले के पत्रकारों की मजबूत आवाज बनेंगे। साथ ही उन्होंने कहा की पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इस स्तंभ की मजबूती के लिए वह संगठन में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएंगे।



# गणपति महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, धार्मिक भजनों पर थिरके भक्तजन

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** सर्वसमाज गणेश पूजा समिति के सौजन्य से यहां हरमुखपुरी उपबस्ती स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित गणेश पूजा महोत्सव के अन्तर्गत गणपति महाआरती का आयोजन किया गया। पंडाल में सुसज्जित आकर्षक झाकियां श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत धार्मिक भजनों ने श्रद्धालु भक्तजनों को घंटों थिरकने व झूमने पर मजबूर कर दिया। भगवान गणेश मंडप को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। महाआरती के दौरान बिट्टू शर्मा, प्रमोद पट्टी वाले, सोनू भंडारी, अक्षय सागर, कमल गुप्ता, अमित चौधरी सहित अन्य भक्तजन मौजूद थे।

# बारिश बनी आफतः सड़कें बनी तालाब, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के घर भी डूबे

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मंगलवार को हुई तेज बारिश ने शहर की पोल खोल दी। हालात ऐसे बने कि आम लोगों से लेकर अफसरों और जनप्रतिनिधियों तक को घर से निकलना दुश्वार हो गया। बारिश शुरू होते ही निचले इलाकों में पानी भरने लगा और धीरे-धीरे पूरा शहर तालाब में तब्दील हो गया। नालों के ओवरफ्लो होने से सड़कों पर जलभराव इतना बढ़ गया कि पैदल चलने वालों के लिए हादसे का खतरा तक मंडराने लगा।



सुबह से शुरू हुई बारिश का सबसे ज्यादा असर भीमनगर, शिवपुरी, सैन विहार, शांति नगर और नंदग्राम जैसे निचले इलाकों में दिखा। कुछ ही घंटों में सड़कें पानी से लबालब हो गईं। दोपहर तक स्थिति यह हो गई कि कविनगर, नेहरू नगर, राकेश मार्ग, आरडीसी, पटेल नगर, गोविंदपुरम और राजनगर एक्सटेंशन जैसे पॉश इलाकों की सड़कें भी पूरी तरह जलमग्न हो गईं। बारिश का असर केवल आम लोगों तक सीमित नहीं रहा। महापौर सुनीता दयाल के नेहरू नगर स्थित आवास की ओर जाने वाली सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। आरडीसी में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के आवास के पास और गांधी नगर में सीडीओ अभिनव गोपाल तथा डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के आवास तक जाने वाली सड़कें भी डूब गईं। हालात यह रहे कि बड़े अफसर और जनप्रतिनिधि भी जलभराव की समस्या से बच नहीं सके। आरडीसी क्षेत्र में जलभराव इतना ज्यादा हुआ कि मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। महज 200 मीटर की दूरी तय करने में लोगों को 15 से 20 मिनट का समय लग रहा था। जगह-जगह पानी में फंसी गाडियां बंद हो गईं और वाहन चालकों को उन्हें धक्का देकर निकालना पड़ा। कई बाइक सवारों को अपने वाहन पैदल ही घसीटकर ले जाना पड़ा। शहर में बारिश के बाद सबसे बड़ा खतरा खुले नालों के ओवरफ्लो से देखने को मिला। नेहरू नगर और गांधी नगर में नालों का पानी सड़कों पर आ गया। कई जगहों पर बाउंड्रीवॉल न होने से यह अंदाजा ही नहीं हो पा रहा था कि सड़क कहां खत्म होती है और नाला कहां से शुरू। ऐसे हालात में पैदल चलने वालों के लिए दुर्घटना की आशंका बढ़ गई। हालात बिगडे के बाद नगर निगम ने जल निकासी की कमान संभाली। शहर में अलग-अलग जगहों पर 35 पंप लगाए गए और जलभराव हटाने के लिए 150 से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

# ज्ञानेंद्र राघव ने शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार प्रकट कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर मंगलवार को राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के वाइस चेयरमैन अखिलेश शुक्ला किसान कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर देवेंद्र सिंह एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय द्वारा मुनित चौधरी को किसान कांग्रेस बुलंदशहर का जिलाध्यक्ष एवं शाहिद नकवी को कोऑर्डिनेटर किसान कांग्रेस पश्चिमी जोन उत्तर प्रदेश एवं पवन शर्मा को ज्वाइंट कॉर्डिनेटर किसान कांग्रेस पश्चिमी जोन उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी देने पर आभार प्रकट करते हुए, उनके द्वारा जनपद बुलंदशहर, जनपद शामली, जनपद बरेली, जनपद मथुरा के कोऑर्डिनेटरों से व्यक्तिगत फोन कर पदाधिकारियों का चयन करने पर भी अखिलेश शुक्ला को किसान कांग्रेस को मजबूत करने एवं सभी नेताओं को सम्मान देकर, संगठन सर्जन अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी का सच्चा हितैषी व श्रेष्ठ नेता के तौर पर उनसे सभी कार्यकताओं को प्रेरणा लेने का आह्वान किया तथा नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# महिला ने सभासद पति पर लगाया घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज का आरोप

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** वार्ड नंबर 15 बुढ़ाना बेगमाबाद निवासी महिला बबीता ने सभासद पति पर कुछ दिन पूर्व हुई मामूली कहासुनी को लेकर घर में घुसने मारपीट गाली गलौज व तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता बबीता का कहना है कि वार्ड नंबर 15 की सभासद के पति वीर सिंह उर्फ नीटू से उनके परिवार की कुछ समय पूर्व कहासुनी हो गई थी। जिससे गुस्साए सभासद पति वीर सिंह उर्फ नीतू ने सोमवार की रात अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ मिलकर उनके घर पर ढाबा बोल दिया और उनके अलावा घर में मौजूद महिलाओं से मारपीट करते हुए गाली गलौज की और घर में रखा सामान तोड़ दिया। बबीता ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



# कोई समस्या अधूरी नहीं, हर फरियादी को मिलेगा जवाब: डीसीपी सिटी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अपराधियों पर नकेल कसने के साथ ही जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने वाले डीसीपी सिटी धवल जायसवाल आमजन के बीच भरोसे का दूसरा नाम बनते जा रहे हैं। उनकी कार्यशैली ऐसी है कि वे न केवल शिकायतें सुनते हैं बल्कि स्वयं उनके निस्तारण की निगरानी करते हैं और शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लेते हैं। यही वजह है कि उनके दफ्तर से कोई भी व्यक्ति निराश होकर नहीं लौटता। डीसीपी धवल जायसवाल का मानना है कि पुलिस का असली उद्देश्य जनता की सुरक्षा और सेवा है। उनका कहना है कि सरकार ने हमें यह वर्दी केवल अपराधियों से लड ? के लिए ही नहीं दी, बल्कि जनता की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए भी दी है। अगर कोई शिकायतकर्ता दोबारा वही समस्या लेकर मेरे कार्यालय आता है, तो इसका मतलब है कि हमने अपना काम सही ढंग से नहीं किया।



ऐसे में संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को भी डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में आमजन की समस्याएँ सुनीं। शिकायतों की सुनवाई का यह दौर तब तक चला, जब तक आखिरी फरियादी की समस्या दर्ज नहीं हो गई। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वे शिकायत सुनने के बाद तुरंत ही कार्रवाई के निर्देश देते हैं। इतना ही नहीं, निस्तारण के बाद वे खुद शिकायतकर्ता से संपर्क करके फीडबैक लेते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि समस्या का समाधान सही ढंग से हुआ है।

डीसीपी धवल जायसवाल अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी यह स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि हर फरियादी के साथ सौम्य व्यवहार करें। उनका कहना है, थाना, चौकी और मेरा कार्यालय जनता के लिए हमेशा खुला है। जो भी व्यक्ति यहाँ अपनी समस्या लेकर आए, उससे सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उसकी परेशानी का समाधान तुरंत किया जाए। शिकायत निस्तारण के बाद फरियादी से फीडबैक लेना अनिवार्य है। जहाँ एक ओर डीसीपी धवल जायसवाल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में पीछे नहीं हटते, वहीं दूसरी ओर वे जनता के लिए सहज और संवेदनशील पुलिसिंग का चेहरा बनते हैं। उनकी यह कार्यशैली गाजियाबाद की जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत कर रही है। अपराधी उनसे भयभीत रहते हैं जबकि आमजन उन्हें अपनी समस्याओं का समाधानकर्ता मानता है।

## पोस्ट ऑफिस की महिला ब्रांच मैनेजर से अभद्रता, मुकदमा दर्ज

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी प्रियंवदा शर्मा, जो गांव सौंदा स्थित डाकघर में ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत हैं, ने अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। प्रियंवदा ने निवाड़ी थाने में तहरीर देते हुए गंभीर आरोप लगाया कि गांव सौंदा निवासी सुबोध त्यागी न केवल उनके कार्यालय में आकर लगातार अभद्रता करता है, बल्कि उनका पीछा भी करता है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी की हरकतें लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे वह मानसिक तनाव का शिकार हो गई हैं। प्रियंवदा ने साफ कहा कि इस तरह का व्यवहार उनके कामकाज में बाधा डाल रहा है और उनकी सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना हुआ है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर निवाड़ी पुलिस ने सुबोध त्यागी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले की जानकारी देते हुए एसीपी ने बताया कि आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुतला फूंक कर किया जोरदार विरोध, भारत की एकता पर आंच नहीं आने देंगे ब्राह्मण समाज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके व्यापार सलाहकार पीटर नवारो द्वारा दिए गए ब्राह्मण विरोधी बयान के खिलाफ मंगलवार को गाजियाबाद में जोरदार प्रदर्शन हुआ। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने ट्रंप, नवारो और कांग्रेस नेता उदित राज का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि अमेरिका की सत्ता संभाल रहे राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सलाहकार नवारो का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। दोनों को तत्काल पागलखाने में भर्ती कर उनका इलाज कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीटर नवारो का यह बयान कि ब्राह्मण भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफा कमा रहे हैं और इसे रोकना जरूरी है। बेहद नीचता और संकीर्ण मानसिकता को दशार्ता है। अमेरिका जब 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर भी भारत को झुका नहीं सका तो अब जात-पात का जहर फैलाकर भारत को अस्थिर करने की साजिश रच रहा है। लेकिन यह प्रयास कभी सफल नहीं होंगे, क्योंकि भारत की ताकत उसकी अनेकता में एकता है। ब्रह्मऋषि बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि पूरा विश्व जानता है कि डोनाल्ड ट्रंप और उनके सलाहकार पीटर नवारो धोखेबाज हैं। दोस्ती का हाथ बढ़ाकर पीठ में छुरा घोंपना उनकी फितरत है। जिस ट्रंप पर महिलाओं से यौन उत्पीड ?, पत्नी पर दुष्कर्म और वित्तीय हेराफेरी जैसे गंभीर आरोप लग चुके हों, वे ब्राह्मण समाज पर उंगली उठा रहे हैं, यह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जिस समाज ने शुरू से ही देश, समाज और विश्व को संस्कार व ज्ञान देने का काम किया, उसी ब्राह्मण समाज को निशाना बनाकर ट्रंप और नवारो ने यह साबित कर दिया है कि दोनों पागल हो चुके हैं।

## जीडीए की बड़ी नीलामी आजः 97 व्यावसायिक भूखंड समेत सैकड़ों संपत्तियां बिकने को तैयार

- इंदिरापुरम, वैशाली, मधुबन बापूधाम सहित कई योजनाओं की संपत्तियों पर लगेगी बोली

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की योजनाओं में खाली पड़ी संपत्तियों की नीलामी बुधवार को होने जा रही है। इस नीलामी को लेकर रियल एस्टेट जगत और निवेशकों में खासा उत्साह है। जीडीए की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, इस बार नीलामी में खास ध्यान व्यावसायिक भूखंडों की बिक्री पर रहेगा। जीडीए ने इस नीलामी में 97 व्यावसायिक भूखंड शामिल किए हैं। प्राधिकरण का मानना है कि इन भूखंडों की बिक्री से शहर के विभिन्न इलाकों में कारोबारी गतिविधियों को नई रफ्तार मिलेगी और निवेशकों को भी बेहतर अवसर मिलेगा।

नीलामी केवल व्यावसायिक भूखंडों तक सीमित नहीं है। इसमें 35 आवासीय भूखंड, 10 स्कूल और अस्पताल के भूखंड भी शामिल किए गए हैं। जीडीए अधिकारियों के अनुसार, इससे आम लोगों को आवासीय जरूरतों के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए भी जमीन उपलब्ध होगी। नीलामी में शामिल संपत्तियां गाजियाबाद की कई प्रमुख योजनाओं में फैली हुई हैं। इनमें इंदिरापुरम, मधुबन बापूधाम, वैशाली, कोयल एन्क्लेव, कपूर्रीपुरम और पटेल नगर जैसी योजनाएं शामिल हैं। इन क्षेत्रों में प्राधिकरण की संपत्तियों की काफी मांग रहती है। जीडीए ने इस बार नीलामी में आरडीसी के 10 कियोस्क को 10 साल की लीज पर देने का भी निर्णय लिया है। ये कियोस्क छोटे उद्यमियों और कारोबारियों के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकते हैं। इसके अलावा वैशाली योजना में मौजूद जीडीए के सामुदायिक केंद्र भी नीलामी सूची में शामिल किए गए हैं, जिनका उपयोग सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। जीडीए की नीलामी को लेकर निवेशकों और बिल्डरों में काफी उत्सुकता है। रियल एस्टेट विशेषज्ञों का मानना है कि व्यावसायिक भूखंडों के लिए इस बार प्रतिस्पर्धा ज्यादा होगी क्योंकि इनकी डिमांड पहले से ही बढ़ी हुई है। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि नीलामी से प्राधिकरण को बड़ी आमदनी की उम्मीद है। यह राशि शहर में विकास कार्यों को गति देने में मददगार साबित होगी। साथ ही, नीलामी से शहर के रियल एस्टेट सेक्टर को भी नई दिशा मिलेगी।

## बर्ड फ्लू (एवियन इनफ्लूएंजा) को लेकर हाई अलर्ट घोषित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिल्ली के चिडियाघर में दो स्टॉर्क पक्षियों की मौत के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) को लेकर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को गाजियाबाद विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन ने बीमारी की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण को लेकर पुख्ता रणनीति बनाई और सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के साथ डॉ. एस.पी. पांडेय, प्रभावी निदेशक सामाजिक वानिकी, सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी और नगर निगम समेत तमाम संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यदि बर्ड फ्लू की पुष्टि होती है तो विभिन्न विभाग किस प्रकार की कार्रवाई करेंगे, इसकी विस्तृत रूपरेखा पहले ही तय कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह वायरस गर्मी सहन नहीं कर पाता। चिकन मीट और अंडों को अच्छी तरह पकाकर या उबालकर खाने पर बीमारी फैलने का खतरा न के बराबर है। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में विभागवार तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासनादेशों में निहित उत्तरदायित्वों के प्रति पूरी तरह सजग रहें।

उन्होंने साफ-सफाई, चूना और कीटनाशक दवाओं के छिड़काव पर विशेष जोर दिया। साथ ही पंचायत राज, विकास विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग और लोक निर्माण विभाग सहित टास्क फोर्स से जुड़े सभी विभागों को लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके नंबर 9810705258, 8076286091 और 9455301090 जारी किए गए हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद ने जानकारी दी कि जिले में फिलहाल बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है।

*जिले के पशु चिकित्सा विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। अधिकारी लगातार पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण कर रहे हैं और अब तक 401 से अधिक सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं, जिनमें से एक भी सैंपल पॉजिटिव नहीं पाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 16 पोल्ट्री फार्म हैं, जिनमें से 8 वर्तमान में संचालित हो रहे हैं। इनमें करीब 2.13 लाख मुर्गियां हैं, जिनमें 1.21 लाख लेयर और 9.2 हजार ब्रायलर शामिल हैं। पशु चिकित्सा विभाग ने सभी पोल्ट्री फार्म को एडवाइजरी जारी की है और फार्म संचालकों को संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई गई है ताकि नियमित रूप से निरीक्षण कर फार्म पर एडवाइजरी का पालन सुनिश्चित कराया जा सके। फिलहाल जिले में बर्ड फ्लू की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और प्रशासन ने यह भरोसा दिलाया है कि किसी भी खतरे की स्थिति में तुरंत कार्यवाही की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जनता को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्क रहना जरूरी है। साफ–सफाई और सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।*

## प्रमोद सिरोही को विधायक अजीतपाल त्यागी ने किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद के लिए गर्व का क्षण तब आया जब पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सुहाना के सहायक अध्यापक प्रमोद सिरोही का नाम राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024 के लिए चयनित हुआ। इस उपलब्धि से जिलेभर के शिक्षकों और शिक्षा जगत में हर्ष की लहर दौड़ गई है। प्रमोद सिरोही लंबे समय से शिक्षा क्षेत्र में निरंतर नवाचार करते हुए बच्चों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में जुटे हुए हैं। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि उन्हें पहले जिलाधिकारी द्वारा दक्षता पुरस्कार और हाल ही में मुंबई में राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान भी मिल चुका है। राज्य अध्यापक पुरस्कार की घोषणा के बाद मंगलवार को विधायक अजीतपाल त्यागी ने प्रमोद सिरोही को स्टॉल पहनाकर और बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य अध्यापक पुरस्कार किसी भी शिक्षक के जीवन की बड़ी उपलब्धि होती है। यह न केवल उनकी मेहनत और समर्पण को मान्यता देता है बल्कि उनके छात्रों व समाज में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह सम्मान अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। इस मौके पर शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रमोद सिरोही वर्षों से बच्चों की शिक्षा को नए आयाम देने में लगे हुए हैं।

## घर के बाहर खेल रहे दो मासूम भाई रहस्यमय हालात में लापता, बच्चों की तलाश तेज

गाजियाबाद। ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से दो मासूम भाइयों के अचानक लापता हो जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। दस वर्षीय रोहित और आठ वर्षीय दिलखुश घर के बाहर खेल रहे थे, तभी अचानक रहस्यमय हालात में गायब हो गए। परिवार ने तत्काल थाने पहुंचकर इसकी जानकारी दी और अपहरण की आशंका जताई। घटना से कॉलोनीवासी भी सकते में हैं और बच्चों की सकुशल वापसी के लिए दुआएं कर रहे हैं। लापता बच्चों के पिता हंसराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम उनके दोनों बच्चे घर के पास खेल रहे थे। जब काफी देर तक वे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन बच्चे कहीं नहीं मिले। इसके बाद हंसराम ने पुलिस को लिखित शिकायत दी और दोनों बेटों के अपहरण की आशंका जताते हुए किसी अनिष्ट की संभावना भी व्यक्त की। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना ट्रोनिका सिटी की टीम ने आसपास के इलाकों में बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। चौराहों, कॉलोनियों और पार्कों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## मोबाइल चोरी के बाद खाते से उड़ाए 18 हजार रुपये

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के मंडोला गांव में चोरों ने एक परचून दुकानदार को दोहरी चोट पहुंचा दी। पहले तो उसकी दुकान से मोबाइल चोरी किया और फिर उसी मोबाइल का इस्तेमाल करके उसके बैंक खाते से 18 हजार रुपये निकाल लिए। हैरानी की बात यह रही कि पीड़ित को इस वारदात का पता दो माह बाद तब चला जब उसने बैंक जाकर अपनी पासबुक अपडेट कराई। मंडोला गांव निवासी महेश चंद त्यागी, जो परचून की दुकान चलाते हैं, ने बताया कि 11 जून को उनकी दुकान से चोर मोबाइल उठा ले गए। घटना के अगले ही दिन उन्होंने अपना पुराना नंबर फिर से चालू करा लिया और यह सोचकर मामला यहीं खत्म हो गया कि बस मोबाइल ही चोरी हुआ है। लेकिन जब 21 अगस्त को उन्होंने बैंक जाकर पासबुक अपडेट कराई तो उनके होश उड़ गए।

## 20 साल पुरानी पाइपलाइन खोलकर मोहन नगर में मिली राहत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या हर साल शहरवासियों के लिए बड़ी परेशानी बनकर सामने आती थी, लेकिन इस बार नगर निगम ने इसे स्थाई समाधान की दिशा में बदलने का संकल्प लिया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में निगम की पूरी टीम ने अभियान के रूप में कार्यवाही शुरू की और नालों की सफाई को टेक्निकल दृष्टिकोण से अंजाम दिया। इसका असर अब शहर की सड़कों पर साफ दिखाई देने लगा है। पिछले दिनों हुई लगातार चार घंटे की 100 एमएम बारिश के दौरान निगम की टीमें लगातार अलर्ट रही और जिन स्थानों पर पानी भराव की समस्या बनी रहती थी वहां भी राहत का अनुभव किया गया। मोहन नगर चौराहे पर निगम ने बड़ी सफलता हासिल की। यहां पर वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई थी। जांच के दौरान निगम की टीम ने लगभग बीस वर्ष पुरानी पाइपलाइन और गहरे में दबे मेनहॉल को खोज निकाला। इसे खोलने के बाद जल निकासी की राह आसान हुई और स्थाई समाधान सामने आया। क्षेत्र के लोगों ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए निगम का आभार जताया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नगर निगम की इस पहल ने वह समस्या हल कर दी है जिससे लोग हर बरसात में जूझते थे। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों बाद जलभराव से स्थाई राहत मिलना निगम की सक्रियता और बेहतर प्रबंधन का परिणाम है। केवल मोहन नगर ही नहीं बल्कि वसुंधरा, पटेल नगर, शालीमार गार्डन, विजयनगर, चंद्रपुरी और कवि नगर जैसे क्षेत्रों में भी नालों की तकनीकी सफाई ने बड़ा असर दिखाया। वसुंधरा क्षेत्र में साहिबाबाद आरआरटीएस के नीचे भरने वाले जल का स्थाई समाधान किया गया। पटेल नगर में नीम गैस एजेंसी के पास नाले की सफाई के बाद जल निकासी की गति बढ़ गई। मोहन नगर क्षेत्र के शालीमार गार्डन में भी तकनीकी सफाई से जलभराव में उल्लेखनीय कमी आई।

## हिंडन नदी का बढ़ता जलस्तर, प्रशासन अलर्ट मोड पर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** हिंडन नदी में लगातार बढ़ते जलस्तर को लेकर गाजियाबाद प्रशासन सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी सदर अरुण दीक्षित ने मंगलवार को सिटी फॉरेस्ट बाढ़ चौकी पर आपदा राहत संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में बाढ़ से निपटने के लिए किए गए इंतजाम, राहत शिविरों की कार्यप्रणाली, गोताखोरों की भूमिका और स्थानीय जनता की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि आपदा राहत केवल सरकारी मशीनरी की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए स्थानीय प्रतिनिधियों और जनता की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को अलर्ट रहने और हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारियां रखने का निर्देश दिया। मोहन नगर जोन के प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बैठक में अधीनस्थ कर्मचारियों को राहत कार्यों को लेकर निर्देश दिए। वहीं क्षेत्रीय पार्षदों ने भी आपदा प्रबंधन के संबंध में अपने सुझाव रखे, ताकि किसी भी संकट की घड़ी में राहत कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें। बैठक के बाद उपजिलाधिकारी अरुण दीक्षित ने करहेड़ा स्थित कंपोजिट विद्यालय में बनाए गए आपदा राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने राहत शिविर में उपलब्ध सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की और निर्देश दिए कि शिविर में किसी भी प्रकार की कमी न रहने पाए। पूर्ति निरीक्षक को पर्याप्त मात्रा में सूखा राशन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया, जबकि स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक उपचार किट, आवश्यक दवाइयाँ और मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने कहा कि हिंडन नदी का जलस्तर बढे की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। उनका कहना था कि प्रशासन का प्राथमिक लक्ष्य है कि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जाए और उन्हें तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए। बैठक में मोहन नगर जोन के जोनल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, फॉरेस्ट चौकी प्रभारी, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग के अधिकारी, कोटेदार, पूर्व पार्षद बिजेंद्र चौहान, पार्षद संजय त्यागी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ताबड़तोड़ वारदातों का अंत, ट्रोनिका सिटी पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर में लूट, झपटमारी और चोरी जैसी संगीन वारदातों की झड़ी लगा देने वाले कुख्यात गिरोह पर आखिरकार पुलिस का शिकंजा कस गया। मंगलवार सुबह तड़के ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दो शातिर बदमाश पैरों में गोली लगने से घायल होकर गिर पड़े, जबकि उनका तीसरा साथी पुलिस की दौड़ से बच नहीं सका और धर दबोचा गया। इस सफलता के साथ पुलिस ने न केवल हालिया वारदातों का पदार्फाश किया, बल्कि अपराध जगत में खौफ मचाने वाले इस गैंग की रीढ़ भी तोड़ दी। जानकारी के अनुसार मुठभेड़ ट्रोनिका सिटी के गेट नंबर-2 के पास हुई। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम और ट्रोनिका सिटी थाना प्रभारी श्रवण कुमार गौतम के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को बदमाशों की गतिविधियों की सूचना मिली थी। टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही बदमाश मौके पर पहुंचे, पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोलियां दो बदमाशों के पैरों में लगीं और वे वहीं ढेर हो गए। इस बीच तीसरे बदमाश ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे भी पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से लूटी हुई स्कूटी, कैश, दो तमंचे, कारतूस और अन्य सामान बरामद किया। शुरूआती पूछताछ में सामने आया है कि यही गैंग सोमवार को ट्रोनिका सिटी में हुई लूट की वारदात के पीछे था।